अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 05°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 7 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 357 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवाया खेल टाइम्स



अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले :मुझे किडनैप किया गया देश-विदेश

# केदारनाथ में तापमान माइनस 23 डिग्री पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है।

उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

- **मप्र व राजस्थान में भीषण सर्दी, 44 जिलों में स्कूल बंद**
- **हिमाचल व कश्मीर में दर्ज हुई साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10 डिग्री**

### दिल्ली में धुंध-धुएं की चादर, एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में मंगलवार को धुंध और धुएं (स्मॉग) की घनी परत छाई रही और शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 288 दर्ज किया गया, जो इसे 'खराब' श्रेणी में रखता है। कई गहन प्रदूषण वाले क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति और भी खराब रही, जिनमें आनंद विहार (343), आरके पुरम (324), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (313), द्वारका (307), अशोक विहार (302) और आईटीओ (286) शामिल हैं।

### घने कोहरे के कारण 280 से अधिक उड़ानों में देरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 280 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है और कुछ उड़ानें रद्द हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह चार बजे के बाद दृश्यता घटने लगी और 150 मीटर तक गिर गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी का स्वास्थ्य स्थिर, इलाज का हो रहा अच्छा असर : डॉक्टर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का यहां गंगाराम अस्पताल में इलाज कर रहे डाक्टरों के दल का कहना है कि उपचार का अच्छा असर हो रहा है और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। श्रीमती गांधी का इलाज कर रहे डाक्टरों का कहना है कि सांस लेने में तकलीफ होने के कारण उन्हें सोमवार रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें पिछले दो दिन से खांसी हो रही थीं और वह हल्की फुल्की दवा ले रहीं थीं, लेकिन सोमवार शाम तबियत ज्यादा बिगड़ी, तो उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद स्पष्ट हुआ कि ठंड लगने के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। डाक्टरों का कहना है कि मौसम और प्रदूषण के प्रभाव के कारण उनका दमा बढ़ गया था। वह अब ठीक हो रही हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें भर्ती कराया गया है।

### वोटर लिस्ट में नाम के मामले में सोनिया गांधी को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम से जुड़े मामले में जवाब देने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया है। दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट विकास त्रिपाठी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया था। 9 दिसम्बर को कोर्ट ने सोनिया गांधी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सोनिया गांधी के वकील ने कोर्ट से समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने 7 फरवरी तक का समय दिया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन

**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों के सूत्रधार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनका पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। कलमाड़ी के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बहू, दो बेटियां और दामाद, साथ ही उनके पोते-पोतियां हैं।

# उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 2.89 करोड़ नाम हटे

## अब SIR ड्राफ्ट लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 12.56 करोड़ हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मसौदा (ड्राफ्ट) मतदाता सूची जारी की जिसमें लगभग दो करोड़ 89 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

अब एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मतदाताओं की संख्या 15.44 करोड़ से घटकर 12.56 करोड़ हो गई है, जो लगभग 18.70 प्रतिशत कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी करते समय प्रदेश में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता पंजीकृत थे। जिसमें मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को पहले दौर की मतदाता सूची को फ्रीज किया गया था। उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता पंजीकृत थे। इसके बाद चार नवम्बर 2025 से गणना चरण शुरू होकर 26 दिसम्बर 2025 तक चली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। पुनरीक्षण में 46,23,796 लाख मतदाता मृत पाए गए, जो 2.99 प्रतिशत हैं। वहीं 79,52,190 मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, जबकि 2.17 करोड़ मतदाता अन्यत्र -शेष पृष्ठ दो पर



- **प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जुड़े**

### खंड स्नातक के पांच व खंड शिक्षक के छह निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक के 05 तथा खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। यह प्रकाशन अर्हता तिथि एक नवम्बर 2025 के आधार पर किया गया है। लोकभवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 06 दिसम्बर 2026 को समाप्त होने के कारण निर्वाचक नामावलियों को नए सिरे से तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके क्रम में 30 सितम्बर 2025 को सार्वजनिक नोटिस जारी कर निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। जारी अंतिम प्रकाशन के अनुसार खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है, लखनऊ खण्ड स्नातक 2,11,756, वाराणसी खंड स्नातक 2,69,372, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक 2,60,818, आगरा खंड स्नातक 1,80,293 तथा मेरठ खंड स्नातक 59,634 है। इसी प्रकार खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में बरेली- मुरादाबाद 46,553, लखनऊ 36,217, गोरखपुर- फैजाबाद 52,257, वाराणसी 32,549, आगरा 51,532 एवं मेरठ 33,163 मतदाता पंजीकृत पाए गए हैं।






### बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योगी मंत्रिमंडल की बैठक में 13 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग को आकर्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन हजार करोड़ रुपये या उससे अधिक का निवेश करने वाली कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

इस फैसले का उद्देश्य उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से एक को स्थगित कर दिया गया, जबकि 13 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में लागू राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश करने वाली कंपनियों को मामले-दर-मामले आधार पर प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इन प्रोत्साहनों में ब्याज अनुदान, कर्मचारी लागत की प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक जीएसटी में छूट तथा 10 साल तक प्रति यूनिट 2 रुपये तक की बिजली दर सब्सिडी शामिल है। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पेशेवर कर्मचारियों के लिए ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) योगदान की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी, -शेष पृष्ठ दो पर

- **उप्र में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए तीन हजार करोड़ से अधिक निवेश पर प्रोत्साहन को सरकार ने दी मंजूरी**

# गलत फैसले पर जज को सजा नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## मप्र के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी रद्द कर दी। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

दरअसल सुलिया को वर्ष 2014 में सेवा से हटाया गया था। तब वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खरगोन के पद पर कार्यरत थे। सुलिया पर भ्रष्टाचार और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामलों में जमानत याचिकाओं पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप था। कहा गया था कि 50 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्ती वाले कुछ मामलों में उन्होंने जमानत दी, जबकि ऐसे अन्य मामलों में उसी आधार पर जमानत खारिज की। विभागीय जांच के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। अब जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश दिया कि 27 साल तक बेदाग सेवा देने वाले जज को बिना ड्यू प्रोसेस अपनाए हटाया गया, जो न्यायसंगत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई में हाई कोर्ट को अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। केवल गलत आदेश या निर्णय की त्रुटि पर यांत्रिक कार्रवाई न्यायिक स्वतंत्रता और विवेकाधिकार को कमजोर करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के भय से निचली अदालतें कई योग्य मामलों में जमानत देने से बचती हैं। इससे जमानत याचिकाएं उच्च अदालतों तक पहुंचती हैं।

- **कोर्ट ने कहा: जजमेंट एरर और भ्रष्टाचार को एक नहीं मान सकते**



### बंगाल के पार्ट-टाइम शिक्षकों को वेतन समानता की मांग की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कुछ अल्पकालिक (पार्ट-टाइम) शिक्षकों को यह अनुमति दी कि वे राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के समक्ष नया प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकें, जिसमें वे गैर-सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पूर्ण-कालिक शिक्षकों के समान वेतन की मांग कर सकें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निर्देश दिया कि यदि यह प्रतिवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर कानून के अनुसार विचार किया जाए और चार महीने के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित कर निर्णय लिया जाए। अदालत में निर्णय का प्रभावी (ऑपरेटिव) हिस्सा पढ़ते हुए न्यायमूर्ति मेहता ने याचिकाकर्ताओं को यह छूट प्रदान की कि वे छह सप्ताह के भीतर सचिव के समक्ष प्रस्तुत हो सकते हैं और पूर्व में दिए गए हाईकोर्ट के आदेशों के अनुरूप अपनी शिकायतें, दावे और अधिकार रिकॉर्ड पर रख सकते हैं।

# गुजरात-कर्नाटक में सात कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई।

सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वाड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के आफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वाड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

- **यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग, केरल में 12 देसी बम बरामद**

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्यिक विरासत को किया जा रहा संरक्षित: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधान ने मंगलवार को यहां शास्त्रीय भाषाओं- कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया के उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमा. चन करने के बाद कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारतीय भाषाएं अभिव्यक्ति का माध्यम हैं और सरकार इन भाषाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। बजट की कोई कमी नहीं है और एक ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पणा की गई है। भारत में शिक्षा बहुत पुरानी परंपरा है। यह साहित्य एक शब्द से सीमित होने वाला नहीं था। भारतीय भाषा मनुष्य के लिए सबसे पहला वैज्ञानिक उपलब्धि है। सभी भारतीय बहुभाषी है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल सेवा उपलब्ध कराने का आग्रह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दूरस्थ और ग्रामीण खंडों में मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं रहती है, जिसके कारण यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना आदि के समय बड़ा संकट पैदा हो जाता है, इसलिए इन क्षेत्रों में भी बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्राधिकरण ने इसके लिए दूरसंचार विभाग तथा दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से आग्रह करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के कई हिस्सों, विशेष रूप से ग्रीनफील्ड और दूरदराज के खंडों पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता होती है।

### नया अधिनियम अर्थव्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

# जी राम जी योजना बनेगी विकसित भारत की आधारशिला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संसद में विकसित भारत को गति देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित किया गया नया अधिनियम (जी राम जी योजना) देश की अर्थव्यवस्था, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, आज उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन विकास से जुड़े सकारात्मक कदमों का समर्थन करने के बजाय भ्रष्टाचार के अपने पुराने कारनामों को छिपाने के लिए सवाल खड़े कर रहे हैं। योगी ने कहा कि जी राम जी योजना विकसित भारत की आधारशिला बनेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नई तकनीक को जोड़ा जा रहा है, जिससे जल संरक्षण, बाढ़ प्रबंधन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने मनरेगा पर कांग्रेस के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन योजनाओं का ढोल पीटा जा रहा है, उनका जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं रहा। हर जनपद से भ्रष्टाचार की शिकायतें आती थीं। किसानों को जरूरत के समय मजदूर नहीं मिलते थे और मजदूरों को काम के समय काम नहीं मिलता था। उन्होंने बताया कि नए संशोधन के तहत योजना में कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। समय पर काम नहीं मिलने की स्थिति में बेरा. जगारी भत्ते की गारंटी भी होगी। किसानों की जरूरत को देखते हुए आवश्यक समय पर मनरेगा के कार्य स्थगित रखे जाएंगे। योगी ने कहा कि जो लोग केवल खोदने और भरने से लाभ उठाते थे, वही इस योजना का विरोध कर रहे हैं। अब कार्यों को तकनीक से जोड़ा जाएगा, डिजिटल भुगतान होगा और रियल टाइम ऐप के माध्यम से निगरानी की जाएगी। योजना के अंतर्गत ऑडिट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिनकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में केंद्र और राज्य की भागीदारी 60:40 की रहेगी, जिससे उत्तर प्रदेश को करीब 17 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त धन. राशि मिल सकेगी। जिन राज्यों में श्रमिक वर्ग की संख्या अधिक है, उन्हें अधिक कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा और इससे स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू करेगी। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप इसे प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाएगा। योगी ने कहा कि जिनकी सोच में कभी विकसित भारत नहीं रहा, वही लोग आज इसका दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन जी राम जी योजना देश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

# यूपी में ठंड हुई प्रचंड, जमीन से आसमान तक कोहरे का पहरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं अधिसंख्य क्षेत्रों में हवा की सेहत भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार गलन भरी ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ स्थानो पर घना कोहरा छाए रहने के आसार है। लखनऊ और कानपुर में मंगलवार दोपहर तक कोहरे और धुंध के चलते सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। सुबह 11 बजे तक दोनों ही महानगरों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। कमोवेश यही हालात प्रयागराज, आगरा, इटावा, अलीगढ़, उन्नाव और बाराबंकी समेत तमाम शहरों में रहे। यहां अधिकतम तापमान 14.15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 146 से 164 के बीच रहा। बीती रात राज्य के अधिसंख्य क्षेत्रों में पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर कक्षा आठ तक के विद्यालयों को आठ जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के खुलने और बंद करने का समय बदला गया है। चिकित्सकों ने मार्निंग वॉकर्स को सुबह की सैर से परहेज करने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और सीने व हृदय के रोगियों को सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है। इस बीच कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं, वहीं लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर कई उड़ाने विलंब से हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे समेत अन्य राजमार्गों पर वाहन रेंग रेंग कर चलते दिखाई पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जालौन,देवरिया और गोरखपुर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी और अन्य आला अधिकारी सड़क पर उतर कर अलाव और रैनबसेरों का निरीक्षण करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अलाव की सीमित संख्या के चलते निराश्रित ठंड में ठिठुर रहे हैं, वहीं सड़क पर आवारा जानवर भी ठंड से बेहाल हैं। कई स्वयंसेवी संस्थाएं और जानवर प्रेमी बेजुबानों को ठंड से बचाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं।

### कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड का कहर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कल रात से पूरे कश्मीर में ठंड का कहर जारी है और गुलमर्ग में इस मौसम का सबसे कम तापमान करीब शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया, जबकि ज्यादातर दूसरे स्टेशनों पर भी पारे में तेज गिरावट देखी गई। मौसम विभाग ने पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट का अनुमान जताया है। दस जनवरी तक पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे रहने का अनुमान है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने के आसार है, जिससे मौजूदा शीत लहर की स्थिति से कुछ राहत मिलेगी।

## घर में आग लगने से डीएमआरसी कर्मचारी, पत्नी व बेटी की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में मंगलवार तड़के एक घर में आग लगने की दुखद घटना में पति, पत्नी और उनकी बेटी की मौत हो गई।

दमकल विभाग के अनुसार, मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) फ्लैट्स में आग लगने की सूचना लगभग तड़के 02:39 बजे मिली। दमकल विभाग ने तुरंत छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं और आग पर एक घंटे के अंदर काबू पा लिया गया तथा इसे सुबह 3:30 बजे तक पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकलकर्मियों ने बाद में घर से तीनों के जले हुए शव बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम (38) और उनकी बेटी जाह्नवी (10) के रूप में हुई है। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी को मामूली चोटें आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां आवश्यक चिकित्सा दी गई। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चला है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो की आवासीय कॉलोनी के एक फ्लैट में धुआं/आग की सूचना मिली थी, जिसमें निगम के एक सहकर्मी अजय विमल, उनकी पत्नी और बेटी की जान चली गई। डीएमआरसी के अनुसार यह घटना लगभग तड़के 2:34 बजे हुई।

## अंकिता मामले की जांच सीबीआई करे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ पहाड़ की बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ, उस पर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया: सुप्रिया श्रीनेत

अंकिता हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड में रोष के बीच कांग्रेस ने मामले की पूरी जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है, ताकि उसे न्याय मिल सके और सच सबके सामने आ सके।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पहाड़ की एक बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ। उस बेटी के ऊपर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया और जब उसने मना कर दिया तो उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं इस मामले में सारे सबूत छिपाने के लिए तुरंत उस होटल पर बुलडोजर चला दिया गया, क्योंकि उसमें भाजपा के नेता का बेटा शामिल था। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें सामने आ रही है कि यह पूरा मामला भारतीय जनता पार्टी के एक राष्ट्रीय महासचिव तक पहुंचता है।

पूरे उत्तराखंड के साथ ही भाजपा के लोग भी न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उत्तराखंड की सरकार अंकिता भंडारी को न्याय नहीं दे सकती, क्योंकि ये सरकार चैन की नींद सो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए कहा कि अंकिता को हर कीमत पर न्याय मिलना चाहिए और ये तभी होगा, जब सीबीआई इसकी जांच करेगी। इस बीच महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने भी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि लोग उत्तराखंड में न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी ऋषिकेश के पास एक रिसॉर्ट में काम करती थी। आरोप है कि उस पर षविशेष सेवाएंष देने के लिए दवाब बनाया गया था और जब उसने इससे मना कर दिया, तो उसकी हत्या कर दी गई थी।



सेंसेक्स 85063.34
निफ्टी 26178.70



सोना रु. 141500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 251000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संक. तों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक (0. 44 प्रतिशत) टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 71.60 अंक यानी 0.27 फीसदी नीचे 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट का शेयर 8.62 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी मुनाफावसूली का दबाव रहा और इसका शेयर 4.42 प्रतिशत टूटा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.06 फीसदी और छोटी कंपनियों के निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। स्वास्थ्य, फार्मा, आईटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,889 के शेयरों में गिरावट और 1,238 में बढ़त रही।

अन्य 110 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयरों में गिरावट रही। ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा आईटीसी का शेयर 2.07 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत गिर गया। इंडिगो में 1.96 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 1.56, अडानी पोर्ट्स में 1.30, पावरग्रिड में 1.16 और इटरनल में 1.08 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.87 प्रतिशत चढ़ा। हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.75 फीसदी, सनफार्मा में 1.73, भारतीय स्टेट बैंक में 1.33, टीसीएस में 1.28 और एशियन पेंट्स में 1.09 प्रतिशत की बढ़त रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, टाइटन, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.50 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.38 प्रतिशत और जापान का निक्केई 1.32 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.15 फीसदी ऊपर था।

## चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, सोना भी नए शिखर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों और घरेलू मांग में उछाल के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी देखी गई। दिल्ली के हाजिर बाजार में चांदी ने 2.51 लाख रुपये प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया है, जबकि सोना भी 1,41,500 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। दिल्ली में चांदी की कीमतों में मंगलवार को 7,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही चांदी 2,51,000 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह लगातार तीसरा दिन है, जब चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 उछलकर रुपये1,41,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो सोमवार को 1,40,400 पर बंद हुआ था।

## चावल, दालों के भाव बढ़े, गेहूं, चीनी स्थिर, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीनी में टिकाव रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 19 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा पांच रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल औसतन 31 रुपये और मूंग दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 28 रुपये और तुअर दाल की 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। चना दाल भी 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 22 रिंगिट टूटकर 3,992 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.10 प्रतिशत उतरकर 49.82 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 21 रुपये टूट गई। सरसों तेल 17 रुपये और सोया तेल पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं वनस्पति में 26 रुपये की तेजी रही। सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल 14.14 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी लगभग स्थिर रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7797. 55 रुपये, मसूर काली 8168.30 रुपये, मूंग दाल 10101.89 रुपये, उड़द दाल 10399.46 रुपये, तुअर दाल 10613.30 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.13 रुपये और चावल 3865.74 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.13 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.62 रुपये और गुड़ 4988.65 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र की...** स्थानांतरित हो चुके थे। इसके अलावा 25.47 लाख मतदाता ऐसे चिन्हित किए गए, जिनके नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए गए। ऐसे मामलों में मतदाता का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सुविधा और मानकों को ध्यान में रखते हुए एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए प्रदेश में 15,430 नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं। विशेष पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग रहा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में दलों के साथ बैठकें की गईं और उन्हें मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी एवं प्रिंटेड कॉपी उपलब्ध कराई गई। अब तक 1546 बैठकें राजनीतिक दलों के साथ आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फॉर्म-6, 6क, 7 एवं 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिग नहीं हो सकी है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक 15 लाख 78 हजार 423 फॉर्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आयु पात्रता के अनुसार एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम इस सूची में शामिल होंगे, जबकि एक अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के नाम बाद में अक्टूबर माह में जोड़े जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद छह मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। घोषणा की कि प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जोड़े गए हैं।

**योगी मंत्रिमंडल...** जिसकी अधिकतम सीमा 2,000 रुपये प्रति माह होगी। साथ ही जल शुल्क में भी रियायतें दी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना और राज्य को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह उद्योग अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान के देशों के वर्चस्व में है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 21 कंपनियों ने निवेश शुरू कर दिया है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि कैबिनेट ने वर्ष 2022 के उस निर्णय का विस्तार किया है, जिसके तहत पारिवारिक संपत्ति के हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क 5,000 रुपये तक सीमित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पहले केवल आवासीय और कृषि संपत्तियों तक सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारिवा. रिक दायरे में गिफ्ट डीड के माध्यम से हस्तांतरित की जाने वाली व्यावसायिक संपत्तियों पर भी लागू होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने वाराणसी में शिव प्रकाश गुप्ता मंडलीय जिला अस्पताल के स्थान पर 500 बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 315 करोड़ रुपये होगी और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। परियोजना की 60 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

## कैट मई में भारतीय व्यापार महोत्सव का करेगा आयोजन: खंडेलवाल

नई दिल्ली, वार्ता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने, भारतीय व्यापार और घरेलू वस्तुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के मकसद से अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में मई में भारतीय व्यापार महोत्सव (बीवीएम) का आयोजन करेगा।

एक मई से आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर कैट के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान कैट के महासचिव एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि मोदी के आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के आह्वान के अनुरूप यह महोत्सव आयोजित होगा। इसका उद्देश्य देश के घरेलू व्यापार को सुदृढ़ और सुरक्षित करना है तथा भारत के व्यापार के परचम को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में आयात शुल्क और वैश्विक संघर्षों के चलते दुनिया भर में बड़े परिवर्तन आए हैं। कैट इसे भारत की सामूहिक क्षमताओं को सशक्त करने के एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। इसी क्रम में, कैट द्वारा देश भर में भारतीय व्यापार आंदोलन शुरू किया जा रहा है जिसकी पहली और प्रमुख पहल के रूप में कैट आगामी एक मई से चार मई तक राष्ट्रीय राजधानी के भारत मडपम, प्रगति मैदान में बीवीएम 2026 का आयोजन करेगा, जो देश में अब तक की सबसे बड़ी राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी होगी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव भारतीय कॉमन मार्केट का उत्सव होगा और वन नेशन वन मार्केट की भावना के तहत भारतीय व्यापार, विनिर्माण, सेवाओं एवं उद्यमिता की सामूहिक शक्ति, विविधता और एकता को प्रदर्शित करेगा तथा भारत की पुरातन संस्कृति एवं सभ्यता में व्यापार के जुड़ाव को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित करेगा। उन्होंने बताया कि बीवीएम 2026 का आयोजन पूरी तरह 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना के अनुरूप किया जा रहा है।

## एफडीआरसी संवाद, सहानुभूति और न्याय से सामाजिक सौहार्द की सशक्त पहल: बबिता सिंह चौहान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने पुलिस द्वारा संचालित पारिवारिक विवाद निवारण क्लिनिक (फैमिली डिस्प्यूट रेजोल्यूशन क्लिनिक- एफडीआरसी) को महिलाओं, बच्चों एवं परिवार की गरिमा और अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रभावी, जन-केंद्रित और दूरदर्शी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल न्याय, सहानुभूति और संवाद के माध्यम से सामा. जिक सौहार्द को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। बबिता सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि एफडीआरसी का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और वैवाहिक विवादों को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय संवेदनशील परामर्श, मध्यस्थता और आपसी बात. चीत से सुलझाना है। इससे पीड़ितों को लंबी कानूनी प्रक्रिया, सामाजिक कलंक और मानसिक तनाव से राहत मिलती है। यह पहल कानून और करुणा के बीच संतुलन स्थापित कर न्याय को अधिक मानवीय बनाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस और शारदा विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद यह प्रयोगात्मक पहल शुरू हुई थी। 10 जुलाई 2020 को औपचारिक उद्घाटन के बाद एफडीआरसी एक सफल मॉडल के रूप में उभरा है। इसके माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित परिवार परामर्श केंद्रों ने सैकड़ों मामलों में सुलह, पुनर्मिलन और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया है, जिससे न्यायालयों और पुलिस तंत्र पर बढ़ते बोझ में भी कमी आई है।

# 42 घंटे बाद मिला जौली के अनिल का शव

## पुलिस खंगालती रही सीसीटीवी कैमरे, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दो दिन से लापता दूध डेयरी स्वामी के बेटे का शव जंगल से बरामद हुआ है। मृतक घटना के दिन अपने पिता के साथ डेयरी से घर लौट रहा था, लेकिन उस दिन वह अपने घर नहीं पहुंचा। पूरी रात और अगले दिन तक परिवार के लोगों ने काफी तलाश की, सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले, पुलिस की मदद भी ली गई, लेकिन 48 घंटे बाद शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटना के कारण मौत हुई है। आज मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव जोली निवासी 26 वर्षीय अनिल कुमार अपने पिता महेन्द्र पाल के साथ गांव भगवानपुरी में दूध की डेयरी चलाता था। घटना 31 जनवरी की रात साढ़े दस बजे की है अनिल कुमार और उसका पिता महेन्द्र पाल डेयरी को बंद कर अलग-अलग बाइक पर अपने गांव की ओर चले इस समय जंगल के रास्ते में अधिक धुंध थी। बताया जाता है कि पिता गांव पहुंच गया, लेकिन कई घंटे बाद भी अनिल नहीं पहुंचा तो परिजनों ने रात्रि में ही उसकी तलाश की। ग्राम प्रधान और पुलिस का भी सहयोग लिया गया, लेकिन चार जनवरी तक भी अनिल कुमार नहीं मिला। इसके बाद परिवार की चिंता ओर बढ़ गई। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो धुंध के कारण कुछ नजर नहीं आया। पांच जनवरी की रात को अनिल कुमार का शव मिर्जा टिल्ला और भण्डूर चौकी के बीच जंगल में पडा मिला बाइक दूर पडी थी अनिल कुमार का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। अनिल की मौत को लेकर लोगों में तरह-तरह के सवाल उठने लगे मामला दुर्घटना का है या इसके पीछे कोई ओर कारण है फिलहाल पुलिस ने शव का पीएम करा दिया।

मृतक के दो बच्चे है। परिजनों की ओर से सिखेडा पुलिस को अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर देना बताया जा रहा है।

## अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव बड़सू सिकंदरपुर निवासी बाइक सवार युवक की अज्ञात कार की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात सिरधन मोड़ के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही एक अज्ञात कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरा, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया।

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायल युवक मोहम्मद कामिल अब्बासी को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार शाम मृतक का शव गांव ले जाया गया, जहां गमगीन माहौल में उसे कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम रहीं।

मृतक के पिता असगर ने खतौली थाने में अज्ञात कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि कामिल परिवार का एकमात्र सहारा था और उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात वाहन और चालक की तलाश की जा रही है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके।

# छह विधानसभा में 3.44 लाख मतदाताओं के नाम कटे

## डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ साझा किए आंकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जिला पंचायत सभागार में प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की जानकारी साझा करते हुए बताया कि एसआईआर में जनपद की छह सीटों पर पंजीकृत 21 लाख 12 हजार 586 मतदाताओं को शामिल किया गया था। इनमें से 3 लाख 44 हजार 217 वोटरों का नाम काटा गया है। अब जिले में 17 लाख 68 हजार 369 मतदाता पंजीकृत हुए हैं। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार (6 जनवरी, 2026) को निर्वाचक नामाव. लियों (वोटर लिस्ट) का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां दाखिल करने की प्रक्रिया 6 जनवरी से शुरू होकर 6 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके बाद 27 फरवरी तक इन दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

3 मार्च को आयोग से अनुमति प्राप्त करने के बाद 6 मार्च 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।इस आलेख्य प्रकाशन के बाद जनपद की छह विधानसभा सीटों (बुढ़ाना, चरथावल, पुरकाजी, मुजफ्फरनगर, खतौली और मीरापुर) में कुल मतदाताओं की संख्या 17,68,369 दर्ज की गई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9,65,449 और महिला मतदाताओं की संख्या 8,02,831 है। वहीं, तृतीय लिंग (थर्ड जेंडर) श्रेणी के 89 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें विधानसभावार मतदाताओं की स्थिति के बारे में बात करें तो बुढ़ाना में 3,44,367, चरथावल में 2,93,931, पुरकाजी (अजा) में 2,84,015, मुजफ्फरनगर में 2,79,266, खतौली में 2,83,080 और मीरापुर विधानसभा में वर्तमान में 2,83,710 मतदाता पंजीकृत हुए हैं।

विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के दौरान मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए बड़े पैमाने पर छंटनी और संशोधन किया गया है। डीएम उमेश मिश्रा के अनुसार जिले में कुल 3,44,217 मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। इसमें मृतक, लापता, स्थायी रूप से स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि वाले और अन्य श्रेणी के मतदाताओं के नाम शामिल हैं। सबसे अधिक संशोधन मुजफ्फरनगर नगर विधानसभा क्षेत्र में हुआ है, यहां पर पंजीकृत 92,460 मतदाताओं के नाम काटे गये हैं।



मुजफ्फरनगर: पकड़े गए जालसाजों की पत्रकारों को जानकारी देती एसपी क्राइम।

## सिंचाई विभाग के चीफ ने परखी सड़क की गुणवत्ता

**मुजफ्फरनगर।** सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क में भ्रष्टाचार के आरोप के बाद मंगलवार को सिंचाई विभाग के चीफ ज्ञान प्रकाश ने अधिशासी अभियंता सुभाष चंद व अन्य कर्मचारियों की टीम के साथ पिनना में रजबाहे पर बन रही सड़क की गुणवत्ता परखी। दरअसल पिनना निवासी सुमित मलिक ने इस सड़क निर्माण को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिकायत भेजी थी। जिस पर डीएम द्वारा गठित की गई टीम ने जांच में आरोप सही पाए थे, लेकिन आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही न होने पर सुमित मलिक ने अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट में भूख हडताल शुरू कर दी थी पांच दिन तक भूख हडताल पर रहने के बाद एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार सिंह ने सोमवार को उन्हे कार्यवाही का आश्वासन देते हुए भूख हडताल समाप्त कराई थी। जिसके बाद मंगलवार को टीम यहां पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।

## दो दिन ओर बढ़ा स्कूलों का अवकाश

**मुजफ्फरनगर।** डीएम के निर्देश पर सभी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक का अवकाश घोषित किया गया है। कड़ाके की ठंड के मद्देनजर डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर जनपद के सभी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का अवकाश घोषित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जारी करते हुए कहा कि अवकाश का कडाई से पालन कराया जाएगा।



मुजफ्फरनगर: राजनेतिक दलों को एसआईआर अभियान की जानकारी देते डीएम।

# साइबर क्राइम पुलिस ने करोड़ों की जीएसटी चोरी में तीन दबोचे

## गरीब और जरूरतमंद लोगों के दस्तावेज का दुरुपयोग कर खड़ी की 34 कम्पनियां, फर्जी प्रपत्र, लेपटॉप और करेटा कार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस एक के बाद एक साइबर क्राइम का खुलासा करते हुए इस नेटवर्क को चला रहे शातिरो को लगातार बेनकाब कर रही है। साइबर क्राइम पुलिस ने एक बार फिर ऐसे संगठित नेटवर्क का खुलासा किया है जिस गिरोह ने गरीब, मजदूर लोगों के दस्तावेजों का उपयोग करते हुए करोडो की जीएसटी राजस्व को हानि पहुंचाई है। इस गिरोह ने आधुनिक तकनिकी फर्जी डिजीटल हस्ताक्षर और दर्जनों सेल कम्पनियों के सहारे चल रहे फर्जीवाडे से सिर्फ सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया है बल्कि गरीब लोगों को भी जोखिम में डाल दिया है। पुलिस ने हाल में इस गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दे कि शासन के निर्देश पर पुलिस साइबर क्राइम करने वाले और ऐसा नेटवर्क चलाने वाले गिरोह को लगातार सलाखों की हवा खिला रही है। इसी के चलते जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक अपराध इंदू सिद्धार्थ के निर्देशन में साइबर क्राइम टीम अब तक कई शातिरों को बेनक. ाब कर चुकी है।

मंगलवार को एसपी क्राइम इन्दू सिद्धार्थ ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम टीम ने एक सूचना के आधार पर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मल्हुपूरा नई मंडी क्षेत्र के गांव तिगरी में छापे मारकर अफजल, मोनिस अली और मौ. हफीज को गिरफ्तार कर जीएसटी सिस्टम का दुरूपयोग कर करोडो की हेराफेरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। उन्होने बताया कि अफजल मलिक पुत्र सगीर मलिक निवासी मल्हुपूरा थाना सिविल लाइन, मोनिस अली पुत्र शोकत अली मल्हुपूरा निवासी सिविल लाइन और मौ. हफीज पुत्र मौ. लियाकत अली निवासी ग्राम तिगरी थाना नई मंडी का एक बडा नेटवर्क है और यह गिरोह काफी समय से कुछ गरीब और बेसहारा लोगों को अपने जाल में फांसते है इसके बाद जरूरतमंद लोगों के दस्तावेज अपने कब्जे में कर लेते है और उनके नाम पर बड़ी कम्पनी चलाते है। इसी के माध्यम से फर्जी इनवॉइस, ई-वेल बिल और कागजी लेनदेन दिखाकर भारी पैमाने पर टैक्स चोरी करते है। उन्होने बताया कि पूछताछ करने पर तीनों लोगों से खुलासा हुआ कि यह गिरोह अब तक चालिस से पचास फर्जी कम्पनियां चला चुके है जहां छापे के दौरान पुलिस को करीब 34 कम्पनियो के दस्तावेज मिले है। यह कम्पनी अभी भी चलाई जा रही थी और इसे चलाने के लिए पकडे गए लोगों ने गरीब व जरूरतमंद लोगो के आधार कार्ड, पेन कार्ड और बैंक खातों का इस्तेमाल किया है। यह गिरोह जरूरतमंदों को उनके खर्च के अनुसार पैसा देकर उनके कागज अपने कब्जे में कर लेते है। उन्होने बताया कि पकडा गया मौ. हफीज ने एलएलबी पास की है और वह एकाउंटिंग और जीएसटी के बारे में अच्छी तरह से जानता है। यही कारण रहा कि यह गिरोह फर्जी कम्पनियों के जीएसटी रजिस्ट्रेशन, रिर्टन, बिलिंग सिस्टम और ई-वेल बिल को भी अच्छी तरह से जानकारी रखता है। पकडे गए मोनिस अली ऑनलाइन कार्य देखता था जबकि अफजल कम्पनी रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज का काम देख रहा था। यह गिरोह अलग-अलग कार्य देखते है। उन्होने जानकारी दी कि इस गिरोह ने कम्पनियों के जरिए इस तरह के लेनदेन दिखाए जो कभी हुए ही नहीं है। इस गिरोह ने खरीद फरोख्त किए प्रक्रिया जीएसटी क्रेडिट क्लेम कर भारी रकम बचाने के लिए की थी। उन्होने बताया कि इस गिरोह ने कई राज्यों में अपना जाल फैला रखा है और कई राज्यों के व्यापारियों से इनकी अच्छी खासी मिलीभगत है। छापे के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए है। एसएसपी क्राइम ने बताया कि छह मोबाइल, पांच लेपटोप, एक हार्ड डिस्क, तीन रबड स्टाम, बारह डिजीटल सिग्नेचर, यूएसबी इंटरनेट डोंगल, प्रिंटर, की-बोर्ड, आधार स्पेन कार्ड और 34 फर्मो के दस्तावेज के साथ घटना में प्रयुक्त की जाने वाली एक करेटा भी बरामद की है।

एसपी क्राइम ने यह भी बताया कि पुलिस पकडे गए तीनो आरोपियों का अपराधिक इतिहास तलाश कर रही है और इस गिरोह ने 2005 में खालापार, नई मंडी, शाहपुर और कोतवाली में भी इस तरह की धोखाधडी और फर्जीवाडा किया था। एसपी क्राइम ने यह भी जानकारी दी कि इस गिरोह ने अवैध धन कमाकर कई मकान और कई गाडिया खरीदी है और कई मकान और कई गाडियो दूसरों के नाम पर ले रखी है।

# लव जेहाद करने वालों का करेंगे इलाज: तोगडिया

**तीसरा बच्चा होते ही छीना जाए वोट का अधिकार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फायर ब्रांड हिंदूवादी नेता प्रवीण तोगडिया ने कहा कि लव जेहाद करने वाले बातों से मानने वाले नहीं है, वो केवल कैंसर के डॉक्टर नहीं है, बल्कि ऐसे लोगों की पिटाई करने का काम भी कर सकते है। ऐसे जेहादियों का इलाज पिटाई से किया जाएगा। उनका एक ही इलाज है वो है पिटाई। उन्होंने कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए जल्द ही ऐसा कानून लाया जाएगा, जिससे तीसरा बच्चा होते ही वोट का अधिकार और सरकारी सुविधाएं छीन जाएगी। मंगलवार को रामपुर तिराहे पर बिजनौर जाते समय हिंदू नेता प्रवीण तोगडिया का हिंदूवादी नेता नरेन्द्र पंवार की अगुवाई में स्वागत किया गया। यहां मीडिया के सवालों का उन्होंने बेबाकी से जवाब देते हुए कहा कि लव जेहाद के नाम पर हिंदू की बहू-बेटी को फंसाने वालों की अब खैर नहीं है। ऐसे लोगों का अब पक्का इलाज किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में तोगडिया ने कहा कि देश में जनसंख्या कानून जरूरी है, क्योंकि मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है, उस पर लगाम कसना जरूरी है। जल्द ही ऐसा कानून आएगा, जिसके घर में भी तीसरा बच्चा पैदा होगा, उसकी

सरकारी सुविधाएं छीन जाएंगी। न तो अन्न मिलेगा और ना ही सरकारी अस्पताल से दवा। सरकारी नौकरी पर भी रोक लगेगी और वोट डालने का अधिकार भी छिनेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर देश में मुसलमानो की संख्या नहीं बढ़ने दी जाएगी।





मुजफ्फरनगर: धुंध और कोहरे के चलते दिन में भी जलानी पड़ी वाहनों की लाइट।

# सरकार की हस्तशिल्प योजना में वस्त्र मंत्रालय के डायरेक्टर करेंगे 50 किट का वितरण: ज्ञानेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सर्व धर्म शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार शर्मा ने कल (आज) सात जनवरी को रुड़की रोड स्थित सुदेश पैलेस बैंक्वेट हॉल में वस्त्र मंत्रालय के डायरेक्टर अशोक गुप्ता के साथ देश के विभिन्न गणमान्य लोग शामिल होंगे।

संगठन के उत्तर प्रदेश प्रभारी आचार्य सूर्यान्शि ने बताया कि 2 मार्च 2026 को नई मंडी स्थित रामलीला ग्राउंड में माँ बगलामुखी यज्ञ का आयोजन संगठन के तत्वाधान में किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन के कल्याण हेतु सामूहिक प्रार्थना और आध्यात्मिक जागरण है। बताया कि महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र भेजा गया है जिसमें कई जनहित मुद्दों को शामिल किया गया है। इन मांगों मेंकृमोबाइल कंपनियों का टॉकटाइम 30 दिन करने और मासिक शुल्क कम करने, लाइफटाइम कनेक्शन नि:शुल्क प्रदान करने, खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई, तथा संस्कृत भाषा और गुरुकुलों के समग्र विकास जैसी प्रमुख माँगें शामिल हैं। संगठन ने यह भी घोषणा की कि 31 मार्च 2026 को देवबंद, सहारनपुर स्थित माँ त्रिपुर बालासुन्दरी मंदिर में महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ध्यान गुरु स्वामी दीपांकर जी महाराज और जगत गुरु शंकराचार्य के सानिध्य में किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा और उत्थान पर ज़ोर देते हुए समाज से 'महायोग' की पहल में शामिल होने की अपील की। वहीं संगठन के उत्तराखंड प्रभारी आचार्य यश ने जातिगत वैमनस्य फैलाने वाली राजनीति की आलोचना की और कहा कि ऐसी नीति समाज में फूट डालती है और देश के विकास में बाधा बनती है। बताया कि 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर दिल्ली में देश के ईमानदार और राष्ट्रभक्त महापुरुषों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।




# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच टीम पर उठाए सवाल

## एसोसिएशन के अध्यक्ष बोले कि ईमानदारी से भरवाया गया है सैम्पल, जांच दल का किया सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्त धमेन्द्र मलिक ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की सहारनपुर, गाजियाबाद व मुजफ्फरनगर की टीम पर कई सवाल खडे किए है। यह टीम जांच के लिए पहुंची थी और किसानों का कहना है कि टीम ने फिर खाना पूर्ति की है, जबकि या पहुंची टीम ने कई मिलों का निरीक्षण भी किया है।

धमेन्द्र मलिक ने आरोप लगाया कि मंगलवार को पीसीबी की संयुक्त टीम यहां जांच के लिए पहुंची थी, लेकिन उनकी कार्यवाही संदिग्ध रही है। उन्होने यह भी आरा. ेप लगाया कि जांच करने पहुंची टीम दिल्ली देहरादून हाईवे के होटल में पहुंची थी, लेकिन उन्होने किसानों से मिलना गवारा नहीं समझा। उन्होने कहा कि किसान और ग्रामीण जांच करने पहुंची टीम से प्रदूषण की शिकायत लेकर गए थे, लेकिन किसी भी अधिकारी ने उन्हे मुलाकात का मौका नहीं दिया। सवेरे के समय किसान यूनियन को सूचना मिली थी कि जांच के लिए तीन जनपदों के अधिकारियों की टीम जानसठ रोड स्थित पेपर मिल में निरीक्षण के लिए पहुंची है। इसके बाद कई किसान और यूनियन से जुडे पदाधिकारी भी यहां पहुंचे और आरडीएफ के गोदामों और मिल की जांच करने मांग शुरू की, लेकिन किसानों का कहना है कि टीम ने उनकी मांगों को नजर अंदाज कर दिया। और जांच पडताल की खानापूर्ति की है। यूनियन ने मांग रखी थी कि सैम्पिलिंग और सम्पूर्ण जांच किसानों और ग्रामीणों के सामने की जाए। उन्होने जांच करने पहुंची टीम पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए। किसानों ने कहा कि गांवों के आसपास आरडीएफ के नाम पर कचरी के गोदाम खुलेआम बना रखे है और इसकी बदबू पुरे क्षेत्र में फैल रही है। उन्होने कहा कि टीम ने एक बंद कमरे में जांच को पूरा कर लिया जबकि जांच खुले में होनी चाहिए थे। उधर उत्तर प्रदेश पेपर एसोसिएशन के अध्यक्ष और बिंदल डुप्लेक्स के एमडी पंकज अग्रवाल का कहना है कि किसी भी शिकायत और समस्या के बाद जांच करना अधिकारियों का काम है और उनकी जांच में व्यापारी भी सहयोग करेगे। उन्होने कहा कि आंदोलन के नाम पर जो हो रहा है इसको वह पहले भी उजागर कर चुके है। उन्होने कहा कि वह सही माल मंगवा रहे है, लेकिन इसके बाद भी लोग अधिकारियों का विरोध कर रहे है।

उन्होने यह भी कहा कि उद्योगपतियों ने निरीक्षण और सैम्पिलिंग लेने का कोई विरोध नहीं किया। और अधिकारियों द्वारा लिए गए सैम्पल की रिपोर्ट जल्द आ जाएगी और सब कुछ लोगों के सामने आ हो जाएगा कि क्या सही है और क्या गलत है? उन्होने कहा कि किसी भी उद्योगपति और व्यापारी को जांच का कोई भय नहीं है।

# मीरापुर क्षेत्र में मतदाता सूची से हजारों नाम हुए बाहर

**मीरापुर।** एसआईआर प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2026 की संशोधित मतदाता सूची का मंगलवार को आधिकारिक रूप से प्रकाशन कर दिया गया। इस सूची में वर्ष 2025 की मतदाता सूची में दर्ज सभी पात्र मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही आयोग द्वारा किए गए व्यापक सत्यापन के बाद मीरापुर से 4 हजार से अधिक उन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जिनका विवाह होने के कारण निवास स्थान बदल गया है, जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं अथवा जिनके नाम दोहरी प्रविष्टि के रूप में दर्ज पाए गए थे। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि यह संपूर्ण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई गई है।

संशोधित मतदाता सूची मंगलवार को क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिका. रियों को सौंप दी गई। सूची प्राप्त होते ही बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचे और घर-घर जाकर मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाई। इस दौरान मतदाताओं ने सूची को ध्यानपूर्वक सुना और आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कई लोगों ने अपने नाम, पता और अन्य विवरणों की भी पुष्टि कराई। इसी क्रम में निर्वाचन आयोग ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के लिए नए मतदाता पंजीकरण अभियान की भी शुरुआत कर दी है। नए मतदाता बनने के इच्छुक युवाओं को जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की मार्कशीट, पैन कार्ड अथवा मूल निवास प्रमाण पत्र संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराना होगा, जिसके बाद उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पूर्व में मतदाता सूची में लगभग 25 हजार मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से संशोधित सूची में मीरापुर क्षेत्र से 4 हजार से अधिक नाम हटाए जाने की संभावना जताई जा रही है। बताया गया कि ये मतदाता या तो क्षेत्र छोड़ चुके हैं अथवा उनके नाम दो स्थानों पर दर्ज पाए गए थे। इतनी बड़ी संख्या में नाम हटने से क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा और आश्चर्य का माहौल बना हुआ है।

## वयोवृद्ध समाजसेवी का दीर्घायु मे निधन

**मोरना।** क्षेत्र के सबसे बुजुर्ग माने जाने वाले समाजसेवी का ककरौली मे निधन हो गया।जिला पंचायत अध्यक्ष सहित गणमान्य व्यक्तियों ने समाजसेवी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। ककरौली निवासी 105 वर्षीय चौधरी घसीटू सिंह का निधन मंगलवार की सुबह हो गया। उनके निधन की सूचना पर गांव मे शोक की लहर दौड़ गयी है। उनकी अंतिम यात्रा मे बड़ी संख्या मे नागरिकों ने भाग लिया। उनकी इच्छानुसार टंढेडा मार्ग स्थित खेत पर ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत चौधरी घसीटू सिंह के परिवार मे पुत्र विरेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह पौत्र हनी,समीर,सनी है। अंतिम संस्कार में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, जिला पंचायत सदस्य शाहनवाज, नरेंद्र प्रधान, प्रकाश वीर, सतीश, हबीब अहमद,शैदा हसन, चौधरी पूरन सिंह, चौधरी यशपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# कड़ाके की ठंड में आवारा गोवंश को लेकर मीरापुर में चिंता का माहौल

**मीरापुर।** कस्बे में दो गौशालाएं होने के बावजूद सड़कों पर आवारा गोवंश का घूमना स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। मंगलवार को मीरापुर के मुख्य बाजार में एक आवारा गोवंश भटकता हुआ दिखाई दिया। बताया गया कि यह गोवंश किसी किसान द्वारा घर में पाला गया था, लेकिन जब वह दूध देने में असमर्थ हो गया तो उसके स्वामी ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद यह गोवंश मुख्य बाजार में इधर-उधर भटकता रहा।इस दौरान कस्बे के व्यापारी कुलदीप त्यागी, परमानंद शर्मा, नवतेज, शुभम जैन, सुनील वत्स, योगेश अग्रवाल, मनोज सहित कई अन्य व्यापारियों की नजर उस गोवंश पर पड़ी। व्यापारियों ने तुरंत इसके खाने पीने की व्यवस्था कर गौशाला संचाल. कों से संपर्क कर गोवंश को वहां भेजने के लिए कहा। लोगों का कहना है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जहां लोग दूध निकालने के बाद गोवंश को बेसहारा छोड़ देते हैं। इसी कारण कस्बे की सड़कों पर दर्जनों गोवंश भटकते हुए देखे जा सकते हैं।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त करते हुए मांग की है कि सभी आवारा गोवंश को तुरंत गौशालाओं में पहुंचाया जाए। कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों ने चिंता जताई कि यदि समय रहते इनकी देखभाल नहीं की गई तो गोवंश बीमार पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि गोवंश की सुरक्षा व सेवा के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# दि गंगा मर्केन्टाइल अरबन को-ऑपरेटिव बैंक' की गांधी नगर शाखा का भव्य लोकार्पण

**खतौली।** दि गंगा मर्केन्टाइल अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. ' की गांधी नगर शाखा का भव्य लोकार्पण भारत सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बैंक पदाधिकारी और ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि शहरी सहकारी बैंक शहरी क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों, आम नागरिकों और स्थानीय समुदायों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इन बैंकों की उपयोगिता और आवश्यकता दोनों बढ़ गई हैं। 'दि गंगा मर्केन्टाइल अरबन को-ऑपरेटिव बैंक' की नई शाखा का शुभारंभ इस बात का प्रमाण है कि समाज में इस बैंक की विश्वसनीयता निरंतर बढ़ रही है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बैंक प्रबंधन एवं ग्राहकों को नई शाखा के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि सरकार सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठा रही है, जिससे आम जनता का इन बैंकों के प्रति भरोसा बना रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने बैंक की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से बेहतर बैंकिंग सेवाओं के लिए यहां खाता खोलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व पालिक. ाध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र सैनी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता तेगबहादुर ने भी अपने विचार रखे। बैंक के अध्यक्ष नरेश कुमार पाल. ीवाल ने सभी अतिथियों एवं ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि बैंक भविष्य में भी ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। इस दौरान डॉ. संजीव बालियान ने बैंक की सचिव शिवा गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक अनिल पालीवाल एवं अमित त्यागी को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंध समिति से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश जैन ने किया। इस अवसर पर बैंक की उपाध्यक्ष डॉ. आशा जैन, डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन दल सिंह वर्मा सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जमीयत उलेमा हिंद ने गरीबों को बांटे लिहाफ



**बुढ़ाना।** कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जमीयत उलमा ए हिंद की स्थानीय यूनिट बुढ़ाना द्वारा गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच रजाइयों का वितरण किया गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य सर्द रातों में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना रहा।

नगर अध्यक्ष हाजी शराफ़त अली ने कहा कि सर्दी का मौसम गरीब और कमजोर वर्ग के लिए अत्यंत कठिन होता है। ऐसे समय में समाज के सक्षम लोगों और सामा. जिक संगठनों का दायित्व है कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें।

उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा ए हिंद का उद्देश्य सेवा करना है न कि उसका प्रचार इसी कारण रजाई वितरण के दौरान किसी भी प्रकार की फोटो या वीडियो नहीं बनाई गई। गरम रजाइयां पाकर जरुरतमंदों के चेहरों पर राहत व संतोष देखने को मिला। लाभार्थियों ने जमीयत बुढ़ाना का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस सेवा कार्य को सराहनीय बताया। इस दौरान यहां जमीयत उलमा ए हिंद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आसिफ कुरैशी, हाफिज तहसीन, हाफिज राशिद, मौलाना हफी उल्लाह, मुफ्ती वसीम नफीस, मुफ्ती असरार, मौलाना आसिफ इसलाही, क़ारी उवैस आलिम, नौशाद काला पूर्व सभासद, इसरार कुरैशी, अशरफ कुरैशी व मौलाना हातिम आदि का विशेष योगदान रहा।

## खेत से गन्ने हुए चोरी

**मोरना।** क्षेत्र के गांव वजीराबाद के जंगल मे खेत मे रखा 60 कुंटल गन्ना चोरी हो गया। पीड़ित किसान ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।पुलिस घटना की जांच मे जुट गयी है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरू चौक निवासी अंकुश चौधरी ने बताया कि उसके खेत गांव वजीराबाद के जंगल में ठोकर वाला पीर के पास हैं। मंगलवार की सुबह उसका नौकर धर्मेंद्र खेत पर गया तो उसने खेत मे रखे गन्ने के बंडल को गायब पाया।


सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

**वाद में प्रतिवादीगण की उपस्थिति के लिए समन आदेश 5 नियम 1 व 5 सी0पी0सी0।**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0डी0 महोदय मुजफ्फरनगर उ0प्र0

वाद सं0-425 सन् 2025

धर्मवीर सिंह आयु 66 (छियासठ वर्ष) पुत्र सुखबीर सिंह निवासी ग्राम पचेण्डा खुर्द परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .....वादी

**बनाम**

1. (एक) सुनील कुमार आयु 38 (अड़तालीस वर्ष) पुत्र सुखबीर सिंह निवासी म0नं0-13 तेरह ग्राम पचेण्डा परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। 2. (दो) विक्रान्त सिंह आयु 36 (छत्तीस वर्ष) पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी म0नं0-1028/16 एक हजार अटठाईस बटा सोलह मौहल्ला रामपुरी शहर मुजफ्फरनगर व परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।

......**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन/नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी धर्मबीर सिंह ने आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध बाबत डीड कैंसिलेशन हेतु वाद दायर किया है जिसमें प्रतिवादी नं0-2 हाजिर नहीं आ रहा है इसलिए आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर देने हेतू उपस्थित होने के लिए दिनांक 12.01.2026 को दिन के 10 बजे के लिए समन प्रेषित किया जाता है जिसमें आप नियत दिनांक 12.01.2026 को न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता/प्लीडर द्वारा उपस्थित होकर इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके और आपको सूचित किया जाता है कि अगर आप उपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर उक्त वाद का उत्तर नहीं देते है तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 01.01.2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**मुंसरिम / न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डी0) मुजफ्फरनगर।**


# बीएलओज ने किया नई मतदाता सूची का प्रकाशन



**बुढाना।** कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर कमल मार्किट के सामने स्थित शिक्षण संस्था कन्या जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार के दिन बीएलओज के द्वारा एसआईआर के तहत नई मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिसको समस्त बीएलओ के द्वारा अपनी भाग संख्या के अंतर्गत आने वाले बुढ़ाना नगर पंचायत के सभी 17 वार्डों के मेंबर और गणमान्य लोगो को आमंत्रित करते हुए पूरी मतदाता सूची को पढा गया। जिस में सभी मतदाताओं को अच्छी तरह से मालूम हो जाये कि किसका नाम मतदाता सूची में अंकित है या नही है।

यहां पर सभी लोगो ने मतदाता सूची को ध्यानपूर्वक सुना और सभी से अपील की गई कि जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे अपने डॉक्यूमेंटस बीएलओ को देकर अपनी वोट बनवा लें। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से सुप. रवाइजर सुशील सैनी, रमेश चंद पंवार, राखी जैन, रचना शर्मा, दीपक कुमार, मीनाक्षी, इमराना, सीमा, अमित कुमार, अनुपमा, असमा अली और जेनूबा आदि बीएलओ और पूर्व सभासद राशिद मंसूरी, बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी, इंतजार अहमद, शाहिद अहमद, अरुण जाटव और अनुज जाटव सहित अन्य कई गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## पैथोलॉजी लैब का डाक्टर सोनू कश्यप ने किया उद्घाटन



**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बे की कमल मार्किट में सलमान राणा और राशिद सलमानी के प्रतिष्ठान नोबल पैथोलॉजी लैब की ओपनिंग का डॉक्टर सोनू कश्यप के कर कमलों के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। उन्होंने यहां पर पूरे स्टाफ से परिचय प्राप्त किया और लेब संचालक के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से हाजी इकबाल राणा, इरशाद सलमानी, मास्टर सूरज सैनी, परविंदर सैनी, जावेद अहमद, मनव्वर अहमद, शादाब अहमद, डॉक्टर समीर मलिक, डॉक्टर कासिम सैफी, राशिद सलमानी, महकार राणा और हाजी कासिम सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित रही।

## सभासद ने लोहे का जर्जर खम्भा बदलवाया

**बुढाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 03 में मंगलवार के दिन इसी वार्ड के सभासद सलीम कुरैशी के द्वारा काफी दिनों से जर्जर हालत में खडे विद्युत पोल को कई विद्युत कर्मचारियों को बुलाकर हाथों हाथ बदलवाया। जिससे कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। इसके लिए सभासद ने विद्युत कर्मचारी का और वार्ड के लोगों ने सभासद सलीम कुरैशी का आभार जताते हुए कहा कि लोहे का विद्युत खम्भा बिल्कुल जर्जर स्थिति में था। यह कभी भी गिर सकता था क्योंकि यह नीचे से बिल्कुल गल चुका था और किसी दिन गिरकर बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था लेकिनघ हमारे वार्ड के सभासद ने इस समस्या का निस्तारण शिकायत होते ही कुछ ही घंटों में कराते हुए नया खम्भा लगवा दिया।

# 25 हजार का इनामी डकैत मुठभेड़ में घायल



**बुढ़ाना।** कुल सवा चार महीने के अपने कार्यकाल में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने अपने सीनियर पुलिस अधिकारी बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के एक्सपीरियंस से बहुत कुछ सीखते हुए अपनी जिन्दगी की परवाह ना करते हुए दस मुठभेडें की। जिनमें एक बदमाश मौके पर ढेर हुआ तो नौ बदमाश घायल हुए। दसवीं मुठभेड़ मंगलवार की सुबह हुई। जिसमें बुढ़ाना पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी डकैत गुलजार अहमद उर्फ मामा पुत्र रमजान निवासी मौहल्ला इस्लामनगर खतौली को मुठभेड़ के दौरान टांगों में गोली मारकर जख्मी कर दिया जबकि उसके साथी नसीम उर्फ टूंडा पुत्र मेहंदी हसन निवासी कस्बा रोहटा जनपद मेरठ को कांबिंग करते हुए गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ सुबह आठ बजे बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में विज्ञाना रोड पर शुरु हो गयी थी। पुलिस को किसी खास मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक मोटर साइकिल पर सवार दो लुटेरे शायद किसी वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से खड़े हैं।घ पुलिस ने उनको दूर से जब अपने पास बुलाया तो वे पुलिस को देखकर भागने लगे तो पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों बदमाशों को काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिया। पुलिस को दोनों लुटेरों के पास से दो अवैध शस्त्र और एक बाइक मिली है। पुलिस ने मुठभेड के पास से कारतूस के तीन खोखे भी मिले हैं। पुलिस की गोली से घायल हुए लुटेरे गुलजार को सीएचसी में भर्ती कराकर पकड़े गये दूसरे लुटेरे से पूछताछ शुरु कर दी गयी।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम पोसपोर्ट नम्बर **M2339310** में **RUKSANA KHATOON** है जो कि गलत है। जब कि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम **RUKSANA KHATUN** है जो कि सही है। इसलिए भविष्य में भी मेरा सही नाम **RUKSANA KHATUN** ही पढ़ा/लिखा जाये।

**रूकसाना खातून पत्नी अब्दुल हसीब**, निवासी: ग्राम पठलोकर पोस्ट नियामतपुर तहसील बेहट जिला सहारनपुर।



**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पिता का नाम पोसपोर्ट नम्बर **N6744711** में **IBRAHIM AHMED** व मेरी माता का नाम **NASEERI** है जो कि गलत है। जब कि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम **IBRAHIM** व मेरी माता का नाम **NASIRI** है जो कि सही है। इसलिए भविष्य में भी मेरे पिता का नाम **IBRAHIM** व मेरी माता का नाम **NASIRI** ही पढ़ा/लिखा जाये।

**मौ0 नौशाद पुत्र इब्राहीम**
निवासी: ग्राम मुजफ्फराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर।


## गंगनहर पटरी मार्ग पर अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर, टला हादसा

**भोपा।** गंगनहर कांवड मार्ग पर झोटा बोगी को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक ने संतुलन खो दिया और ट्रैक्टर ट्राली साइड वॉल तोड़ती हुई नहर किनारे लटक गयी। भोपा थाना क्षेत्र की गंग नहर पटरी बेलड़ा मार्ग पर मंगलवार की दोपहर के समय हरिद्वार जनपद के मंगलोर क्षेत्र निवासी अशोक पुत्र यशपाल जानसठ क्षेत्र में पॉपुलर की पौध लेने के लिए जा रहा था। अशोक के साथ में अंकित व नितिन भी थे जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली गंग नहर कावड़ मार्ग पर बेलडा के नजदीक पहुंची तभी आगे चल रही भैंसा बोगी को बचाने के प्रयास मे ट्रैक्टर चालक अपना संतुलन खो बैठा। संतुलन बिगड़ने से साइड वॉल को तोड़ती हुई नहर की ओर घुस गई। गामिनियत रही की पेड़ सामने आने से ट्रैक्टर रुक गया और ट्रैक्टर चालक अशोक घायल हो गया ग्रामीणों व पुलिस की सहायता से घायल अशोक को अस्पताल भेजा गया है।

# गांव बडकता में गौशाला बनाए जाने की मांग



**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढ़ाना की एक आवश्यक बैठक मंगलवार की देर रात बुढ़ाना कस्बे के पैंठ बाजार में स्थित श्रवण स्वीट्स पर हुई।

जिसमें नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने कहा कि प्रशासन द्वारा एक तो बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बडकता में गौशाला बनवाई जाए और दूसरे कब्रिस्तान की चाहर दीवारी कराई जाए। ये दोनों समस्याएं गांव में मुंह बाए खड़ी हैं। बड़कता गांव क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या बहुत ही ज्यादा है। अगर उनका आश्रय स्थल बन जाए तो किसानों की फसलों के नष्ट होने पर अंकुश लगेगा और गायों को कटने से बचाया जा सकेगा। आगामी दिनों में व्यापार मंडल की एक बड़ी बैठक यहीं पर करने का भी निर्णय लिया गया और संगठन को भी मजबूत बनाने पर बल दिया गया। यहां पर व्यापार मंडल से जुड़े गांव बडकता निवासी श्रवण कुमार शर्मा को गांव बडकता से ग्राम प्रधान पद का चुनाव लड़ाने की बात भी कही गयी और सभी ने श्रवण कुमार शर्मा को तन मनघ धन से चुनाव लडाने की बात कही। इस दौरान यहां पर व्यापारियों में मुख्य रूप से श्रवण कुमार शर्मा, संजीव कुमार संगल, पप्पू जाटव, धर्मेंद्र कश्यप, नसीम भटियारा और सोनू पंडित सहित अन्य कई व्यापारी भी उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री हानिका के जन्म प्रमाण पत्र संख्या बी 2023:9-90020-000882 में नाम गलत दर्ज हो गया है जबकि पुत्री का सही नाम हनी, माता का नाम गीतिका देवी पिता का नाम सुखराम है।

**सुखराम पुत्र प्रवीण**
निवासी गुनिया जुड़ी
जिला मुजफ्फरनगर।



**समन** वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन (ऑर्डर-5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)/एफ.टी.सी. प्रथम मुजफ्फरनगर** वाद सं0-143 सन-2024 **श्रीमति नाजरीन उर्फ समरीन पत्नी शोएब** पुत्री शकील निवासी म. नं0-2672, किदवईनगर खालापार, थाना-खालापार, जिला मुजफ्फरनगर। ........ **प्रार्थीया / वादिया बनाम शोएब पुत्र कासिम** निवासी सऊदीपुर रोड, बिहारियो वाला मदरसा, थाना-खालापार, जिला मुजफ्फरनगर। ..... **विपक्षी अन्तर्गत धारा-12 घरेलू हिंसा अधि. नियम** थाना- खालापार, जिला मुजफ्फरनगर। आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादिया ने आपके विरूद्ध वास्ते वसूली मतालबा न्यायालय में योचित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये दिनांक-02 माह 02 सन् 2026 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में समन या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति (उपस्थिति) के लिये जो उक्त तिथि नियत की गयी है, वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है। इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्ष्यो को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो साक्ष्यो को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये, जिन पर आप अपनी प्रति रक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात नही होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर किया जायेगा। आज दिनांक-24 माह 12, सन-2025 न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया

**आज्ञा से**
**/ मुन्सरिम न्यायाधीश सिविल जज( जू.डि. )/एफटीसी प्रथम मुजफ्फरनगर**



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मौ0 आरिफ पुत्र मकबूल अहमद** निवासी ग्राम सूजड़ू व नौशाद अली चौहान पुत्र मुश्ताक अहमद निवासी ग्राम मिमलाना परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर ने खसरा नं0 606 कुल क्षेत्रफल 0.0603 है0 स्थित ग्राम सीमली परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर की भूमि को विक्रय पत्र पंजीकृत संख्या 6105 दिंनाक 29.04.2025 कार्यालय सब रजिस्ट्रार सदर जिला मुजफ्फरनगर को श्रीमति श्वेता चौधरी पत्नी आकाशदीप निवासी 1228 श्याम बिहार जिला मुजफ्फरनगर से क्रय की है। उक्त सम्पत्ति की पुरानी चैन से सम्बन्धित पुराना मूल पंजीकृत विलेख जो उपरोक्त श्रीमति श्वेता चौधरी पत्नी आकाशदीप ने श्री साबिर व फिराशत पुत्रगण सदाकत अली निवासी ग्राम सूजड़ू परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर से विक्रय पत्र जो दिनांक 23/05/2022 को बही नम्बर 01 जिल्द संख्या 12961 पृष्ठ संख्या 187/204 क्रमांक 7257 को कार्यालय सब रजिस्ट्रार सदर जिला मुजफ्फरनगर में पजीकृत है से क्रय की थी। उक्त मूल विक्रय पत्र क्रमांक 7257 दिनांकित 23/05/2022 मौ0 आरिफ पुत्र मकबूल अहमद निवासी ग्राम सूजड़ू मुजफ्फरनगर से दिनांक 28/12/2025 को अपने घर से वहलना चौक जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया है उक्त मूल अभिलेख मौ0 आरिफ पुत्र मकबूल अहमद को काफी तलाश करने पर भी कहीं नहीं मिला है। **मौ0 आरिफ** पुत्र मकबूल अहमद व नौशाद अली चौहान पुत्र मुश्ताक अहमद उक्त सम्पत्ति को पंजाब नेशनल बैंक शाखा एम0सी0सी0 मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहते हैं। यदि किसी भी बैंक/वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी भी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से उक्त सम्पत्ति बंधक करने में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर चीफ मेनेजर पंजाब नेशनल बैंक शाखा एम0सी0सी0 मुजफ्फरनगर, को पंजीकृत पत्रि के द्वारा सुचित कर दे, उक्त अवधि व्यतित होने पर बैंक द्वारा उक्त सम्पत्ति बंधक कर ली जायेगी उसके पश्चात् किसी की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(धर्मेन्द्र कुमार, चीफ मेनेजर)
पंजाब नेशनल बैंक शाखा एम0सी0सी0 मुजफ्फरनगर। मो0 9476290281.



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, मुजफ्फरनगर।**

निविदा सूचना संख्या – 03/ EE/नखमु/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 14.01.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र खण्डीय कार्यालय में प्रारूपकार से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 08.01.2026 से 13.01.2026 की सांय 05:00 बजे तक नकद भुगतान के पश्चात प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ उनके सामने अंकित धरोहर राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में, जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक हो, का संलग्न होना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा निरस्त/स्थगित करने एवं कार्य की मात्रा घटाने अथवा बढ़ाने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा। अन्य नियम व शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है। प्राविधिक सम्परीक्षा प्रकोष्ठ एवं अन्य माध्यम द्वारा कार्य की गुणवत्ता के विरूद्ध जो कटौतिया प्रस्तावित होगी, वह ठेकेदार से वसूली जायेगी। निविदा प्राप्त होने के दिनांक से 03 माह तक मान्य होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | स्थान | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत GST सहित (लाख रू0) | धरोहर राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) + GST | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Providing, Manufacturing, fabrication, assembly installation, testing including training of staff for Rotor balancing, impellar dynamic balancing Machine for Rotor having weight 100 kgs Nominal weight capacity/ support 50 kgs, maximum diameter of rotor on bed 800 mm & balancing speed 150-1400 rpm, per ISO 21940. Testing on load condition & operation training to machine shall be provided by the Supplier. (Please Contact office of the Assistant Engineer, Tubewell Sub Division IV, Muzaffarnagar For Detailed Technical Specifications) | Central Workshop, Tubewell Division, Muzaffarnagar. | 01 No. | 2.70 | 5400.00 | 30 दिवस | 150+18 % GST | बी' एवं उच्च स्तर (यॉत्रिक) |

निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना एवं विस्तृत शर्ते सिंचाई विभाग की वेबसाईट (http://www.idup.gov.in) पर उपलब्ध है।

(संजय कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड, मुजफ्फरनगर

UPID-243551, DATE-05/01/2026
WEBSITE-www.up.gov.in



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड सहारनपुर।**

पत्रांक :– 1188 /ल0सिं0/लेखा/निविदा–तालाब/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/2025–26 दिनांक 29.12.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना 26/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड, सहारनपुर द्वारा मनरेगा अर्न्तगत जनपद–मुजफ्फरनगर में तालाब जीर्णोद्धार कार्य के लिये निम्नलिखित कार्य स्थलों पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 08.01..2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 14.01.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे तक ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड/फाइनेन्शियल बिड, की निविदा आमंत्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 14.01.2026 को अपरान्ह 01.30 बजे अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई, वृत्त मेरठ के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन खोली जायेगी एवं प्री–क्वालीफिकेशन तकनीकी बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। उक्त दिवस मे कार्यालय अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | निविदा क्रमांक | जनपद का नाम | विकास खण्ड का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टे0 चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ई–24–1/25–26 | मुजफ्फरनगर | खतौली | सठेडी | 301, 303 | 02 माह | 19.37 | 1.94 | 854.00 |
| 2 | ई–24–2/25–26 | मुजफ्फरनगर | खतौली | मंसूरपुर | 1037 | 02 माह | 8.48 | 0.85 | 854.00 |
| 3 | ई–24–3/25–26 | मुजफ्फरनगर | खतौली | मन्नवरपुर कलां | 307 | 02 माह | 6.80 | 0.68 | 854.00 |
| 4 | ई–24–4/25–26 | मुजफ्फरनगर | चरथावल | अलीपुरा | 185 | 02 माह | 13.64 | 1.37 | 854.00 |
| 5 | ई–24–5/25–26 | मुजफ्फरनगर | शाहपुर | खेडी सूडियान | 175 | 02 माह | 20.40 | 2.04 | 854.00 |
| 6 | ई–24–6/25–26 | मुजफ्फरनगर | बघरा | लडवा | 1259 | 02 माह | 10.07 | 1.01 | 854.00 |
| 7 | ई–24–7/25–26 | मुजफ्फरनगर | बघरा | पीपलहेडा | 143 | 02 माह | 21.63 | 2.17 | 854.00 |
| 8 | ई–24–8/25–26 | मुजफ्फरनगर | बुढाना | जैतपुर | 557/1, 557/2 | 02 माह | 3.76 | 0.38 | 854.00 |
| 9 | ई–24–9/25–26 | मुजफ्फरनगर | बुढाना | हबीबपुर सीकरी | 182 | 02 माह | 4.70 | 0.47 | 854.00 |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://upgov.nic.in सूचना विभाग की बेवसाइट http://information.up.nic.in एवं ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्तें निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical evaluation Will be done offline. E-envelope /sealed envelope of financial bid will be opened only for those tenderer who will qualify the technical bid.

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड
सहारनपुर।

UPID-243567, DATE-05/01/2026
WEBSITE-www.up.gov.in



**संबंध विच्छेद सूचना**

में पदम पुत्र शिब्बू निवासी मौहल्ला भटवाडा दक्षिणी कस्बा व कोतवाली बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र अनुज पुत्र पदम और पुत्रवधु शिवानी पत्नी अनुज जो गलत संगत में रहते हैं। जिन्हें मैने समझाने का प्रयास किया किंतु अपनी हरकतों से वे बाज नहीं आ रहे। आये दिन लडाई झगडा करते रहते हैं। जिससे मैं और मेरा परिवार काफी परेशान है। आज मैने अपने पुत्र अनुज व पुत्र वधु शिवानी पत्नि अनुज को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अनुज और शिवानी अब अपने द्वारा किये गये अच्छे और बुरे कार्यो के खुद जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**प्रार्थी**
**पदम पुत्र शिब्बू,**
**निवासी मौहल्ला भटवाड़ा दक्षिणी कस्बा व कोतवाली बुढाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी।**

# खतौली को मिला अपना फायर स्टेशन, निर्माण कार्य शुरू

## तीन लाख से अधिक आबादी को राहत, आग लगने पर अब नहीं होगी घंटों की देरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं से जूझ रहे खतौली क्षेत्र के लिए राहत भरी खबर है। वर्षों से लंबित फायर स्टेशन की मांग आखिरकार पूरी हो गई है।

खतौली में फायर स्टेशन के निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत कर दी गई है, जिससे नगर एवं देहात क्षेत्र की करीब 3.27 लाख आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। अब तक आग लगने की किसी भी घटना के दौरान दमकल गाड़ियों को मुज़फ्फरनगर, जानसठ अथवा बुढ़ाना से बुलाना पड़ता था। इस कारण मौके पर पहुंचने में कई बार एक घंटे या उससे अधिक समय लग जाता था, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता था। विगत दिनों अग्निशमन निरीक्षक रामकिशोर ने तहसील पहुंचकर एसडीएम निकिता शर्मा से मुलाक. ात कर फायर स्टेशन के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

एसडीएम ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए अग्निशमन विभाग से विस्तृत चर्चा के बाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत रतनपुरी क्षेत्र के गांव सठेड़ी में लगभग पांच बीघा उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराई। भूमि मिलते ही फायर स्टेशन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया और निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। गौरतलब है कि खतौली क्षेत्र में दर्जनों स्कूल-कॉलेज, एशिया की प्रसिद्ध त्रिवेणी शुगर मिल, भीड़भाड़ वाले बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा घनी आबादी वाले मोहल्ले स्थित हैं।

इसके बावजूद अब तक फायर स्टेशन का न होना एक बड़ी समस्या बना हुआ था। फायर स्टेशन निर्माण की सूचना मिलते ही नगरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों का कहना है कि अब आगजनी की घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण संभव होगा, जिससे बड़े हादसों को समय रहते टाला जा सकेगा। प्रशासन की इस पहल को वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में एक ऐतिहा. सिक और सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# लोकतंत्र की पाठशाला बना पीजी कॉलेज: विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का शुभारंभ

**खतौली।** लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ सोमवार को श्री कुन्द-कुन्द जैन (पीजी) कॉलेज, खतौली में किया गया। यह अभियान 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा खतौली निकिता शर्मा रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार अमित रस्तौगी तथा कॉलेज की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। संच. ालन डॉ. संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अमित रस्तौगी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता पंजीकरण करा सकते हैं। कॉलेज परिसर में एक वोटर रजिस्ट्रेशन हेल्पडेस्क, कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति तथा एक विशेष कक्ष को मतदाता पंजीकरण कक्ष के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 24 वर्ष से अधिक आयु के वे नागरिक जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-8 के माध्यम से नाम जुड़वा सकते हैं।

मुख्य वक्ता उपजिलाधिकारी निर्कि. कता शर्मा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।। कॉलेज प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र छात्र-छात्रा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराकर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ई. आशीष जैन, राहुल माहेश्वरी, विकास जैन, डॉ. विशु एवं मुकुल जैन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बनते ही टूट गया गांव का लिंक मार्ग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**मोरना।** क्षेत्र अंतर्गत गांव खेड़ीफिरोजाबाद के ग्रामीणों ने गांव के बाहर प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का कहना है की गांव खेड़ीफिरोजाबाद को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाले लिंक मार्ग का निर्माण हाल ही मे किया गया था।बनने के बाद ही सड़क टूट गयी है। सड़क मे लगाई गयी कंकरीट उखड़ गयी हैं।सड़क मे ग्ग्ने बनने लगे हैं. ग्रामीणों ने सड़क क दोबारा निर्माण की मांग की है।ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ीफिरोजाबाद निवासी समाज सेवी करतार सिंह ने बताया की गांव खेड़ी फिरोजाबाद से जानसठ तहसील मुख्यालय को जाने वाला यह मार्ग क्षेत्र के दर्जनों गांव को जोड़ता है। प्रतिदिन हज़ारो वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। जिससे मार्ग की उपयोगिता बढ़ जाती है। सड़क का निर्माण मानको के अनुरूप नहीं किया गया है। घटिया निर्माण के कारण सड़क बनते ही टूट गयी है। जो बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार का प्रमाण है।सड़क का दोबा. रा निर्माण किया जाये। गांव के प्रधान प्रतिनिधि मौ. समी व सामंत चौधरी तथा नसीम अहमद ने बताया की हाल मे ही इस मार्ग का निर्माण किया गया है। निर्माण के बाद ही यह सड़क टूटने लगी है। गांव के निकट ही सड़क मे गड्ढे हो गये हैं। सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगो को लाभ मिलना था किन्तु सड़क के तुरंत टूट जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग का दोबारा निर्माण कराया जाये। प्रदर्शन करने वालों मे मुख्य रूप से अजीत सिंह,भूरा, सरला देवी, नेत्रपाल, यूसुफ, शाकिर, नौशाद, असलम, खुर्शीद, सतबीर, जगबीर, युधिष्ठिर आदि मौजूद रहे।

# खतौली विधानसभा में चलाया मतदाता सूची दुरुस्ती का महाअभियान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार खतौली विधानसभा क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत 6 जनवरी से कर दी गई है, जो 6 फरवरी तक चलेगा। इस एक माह लंबे अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णत: शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है। उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का गहन सत्यापन किया जाएगा। मतदाता अपने नाम, पता, आयु सहित अन्य विवरणों की जांच कर आवश्यक संशोधन करा सकते हैं। इसके साथ ही जो पात्र नागरिक अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें नाम दर्ज कराने का अवसर भी मिलेगा।

उन्होंने बताया कि खतौली विधानसभा क्षेत्र में कुल 355 मतदान बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। इधर, आगामी ग्राम प्रधान चुनाव को देखते हुए इस विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। पूर्व एवं वर्तमान ग्राम प्रधानों ने आशंका जताई है कि सही मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं, जबकि अपात्र व्यक्तियों के नाम



जोड़े जाने की संभावना है। इसे लेकर अब तक 15 से 20 ग्राम प्रधानों द्वारा एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के संबंध में शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जाएगी और जहां भी त्रुटि पाई जाएगी, वहां नियमानुसार सुधार किया जाएगा। प्रशासन का दावा है कि मतदाता सूची को पूरी तरह निष्पक्ष और भरोसेमंद बनाने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह सम्पन्न



**पुरकाजी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल पुरकाजी में मुख्य अतिथि राहुल देव भट (एसडीएम) उपजिलाधिकारी ने फीता काट कर सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ कियां। पुरका. जी दिल्ली पब्लिक स्कूल पुरकाजी में मुख्य अतिथि राहुल देव भट उपजिलाधिकारी मुजफ्फरनगर व अमित कुमार नायब तहसीलदार मुजफ्फरनगर का डॉ अमन , बशारत खान रालोद नेता व बसपा जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश डॉ सोनू चौधरी, विशाल फरीदी और विद्यालय के समस्त शिक्षकगण आदि सम्मानित व्यक्तियों के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक डॉ अमन ने मुख्य अतिथि राहुल देव भट उपजिलाधिकारी व नायब तहसीलदार को सोल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया राहुल देव भट कउ ने स्कूल के विद्यार्थियों को जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगीता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अमन ,फरहान, उमेर , एहतेशाम ,शाद व सूर्यांश को विशिष्ट पुरस्कार (ट्रॉफी) देकर सम्मानित किया और विद्यार्थियों को अनुशासन परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज ओर राष्ट्र के विकाश की सशक्त नींव है।

### संक्षिप्त समाचार

## बांगलादेश में हिन्दुओं के नरंसहार पर मोमबत्ती जलाकर जताया आक्रोश



**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा द्वारा शिव चौक स्थित तुलसी पार्क में बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रही हत्या एवं अत्याचार के विरोध में मृत आत्माओं को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई तथा 2 मिनट का मौन रखा गया तत्पश्चात महासभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहां की जिस प्रकार बांग्लादेश में निर्दोष हिंदुओं की बांग्लादेशयों के द्वारा निर्मम हत्या की जा रही है जो की बहुत निंदनीय एवं अमानवीय है हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह करते हैं कि इस अमानवीय कृत्य को अविलम्ब रुकवाया जाए नहीं तो वह समय दूर नहीं है कि भारत की सारी जनता बांग्लादेश के खिलाफ सड़कों पर होगी, श्रद्धांजलि सभा में मृत आत्माओं के प्रति 108 बार राम नाम की माला की गयी श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, संजय मित्तल, भीमसेन कंसल, अनिल तायल, विश्व दीप गोयल, सुनील सिंघल, प्रमोद मित्तल, श्रीमोहन तायल राकेश कंसल योगेश कुमार सिंघल राहुल गोयल पवन सिंघल पवन बंसल रेनू गर्ग सौरभ मित्तल अजय कुमार सिंगला संजय गुप्ता विपिन सिंगल प्रमोद मित्तल,विपिन गोयल संजीव गोयल अशोक सिंघल पुरुषोत्तम सिंघल शिशु कांत गर्ग जनार्दन स्वरूप शलभ गर्ग अजय सिंघल आलोक अग्रवाल मुकेश गुप्ता शिवकुमार सिंगल, वैभव मित्तल, आशुतोष गुप्ता रजत गोयल, दिनेश गुप्ता, मित्र सेन, सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे

# ग्रामीणों ने की एसआईआर की लिस्ट की चेक

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र बुढ़ाना के गांव मदीनपुर ऊर्फ खिज्जरपुर में मंगलवार के दिन सभी ग्रामीणों ने एक स्थान पर पहुंचकर एसआईआर की लिस्ट चौक की। यहां परघ ग्राम प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे हुसैन अहमद ने पूरी लिस्ट चेक कर सभी को उनके नाम बताए। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का मसौदा आज प्रकाशित हो गया। एसआईआर के तहत मतदाता सूची का मसौदा जारी करने की पूर्व निर्धारित तिथि 31 दिसंबर थी हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मृत, स्थानांतरित या अनुपस्थित के रूप में चिह्नित मतदाताओं के पुनर्सत्यापन के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा था। राज्य को पहले ही एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जा चुका था। मतदाता अब आगामी छह ?रवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। आज से 27 ?रवरी 2026 तक चुनाव आयोग नोटिस अवधि, प्रपत्रों की जांच और सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा करेगा। उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च 2026 को प्रकाशित की जाएगी। एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अद्यतन करने के लिए किया जाने वाला घर घर जाकर और दस्तावेज़ आधारित अभ्यास है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में दर्ज न होने वाले पात्र मतदाताओं को शामिल करना और साथ ही डुप्लिकेट या अपात्र प्रविष्टियों को हटाना है। इस प्रक्रिया के बाद तैयार हुई अंतिम मतदाता सूची ?रवरी 2026 में प्रकाशित होगी।



बुढाना: एसआईआर ड्राफ्ट सूची में अपना नाम ढूंढते बुढाना के मतदाता

# श्री राम कॉलेज में नए मतदाताओं को पंजीकरण को किया गया प्रेरित

**मुजफ्फरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ आज श्री राम कॉलेज, (स्वायत्त) के सभागार में किया गया। यह अभियान 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक संचालित रहेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा (आईएएसद्ध, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उपजिलाधिक. ारी (न्यायिक) कृष्ण कांत विश्वकर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज राठौर, प्रिंसिपल श्री राम कॉलेज डॉ डॉ प्रेरणा मित्तल, निदेशक श्री राम कॉलेज डॉ अशोक कुमार, डीन आई क्यू एसी डॉ विनीत शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

दीप प्रज्वलन उपरांत आयोजित कार्यक्रम में मतदाता पंजीकरण एवं निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गई। अधिका. रियों द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को फार्म 6- के माध्यम से नए मतदाता के रूप में पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा आवश्यक दस्तावेजों के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ते हुए उन्हें जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनाना रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमेश मिश्रा (आईएएसद्ध ने अपने संबा. ेधन में कहा कि युवा मतदाता लो. कतंत्र की सबसे मजबूत नींव हैं और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक नागरिक को फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना चाहिए, जिससे निष्पक्ष एवं सशक्त लोकतंत्र का निर्माण हो सके। इस अवसर पर अपर जिला. धिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है तथा प्रत्येक योग्य व्यक्ति को इसमें सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए।उपजिलाधिकारी (न्यायिक) कृष्ण कांत विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में युवाओं से मतदान के महत्व को समझने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सजग भूमिका निभाने का आह्वान किया। सिटी मजिस्ट्रेट पंकज राठौर ने



निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूक मतदाता ही लो. कतंत्र को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रीतू पुंडीर, प्रवक्ता, बेसिक साइंस विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# एक हाथ में कलम व दूसरे में गुलाब लेकर निकले मीम कार्यकर्ता

**मुजफ्फरनगर।** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शौकत अली साहब के आदेश पर मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष , और महानगर नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने आम लोगों में कलम और फूल बांट कर अमन का पैगाम दिया जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में कुछ लोग नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं जिस से आए दिन देश में माहौल खराब हो रहा है इस लिए हम न तलवार बांटेगे न और न कोई इस तरह का काम करेंगे जिस से मुल्क को नुकसान हो ।

वहीं महानगर अध्यक्ष मास्टर खालिद ने कहा कि पउपउ देश में प्यार का पैगाम देती है हम किसी भी सूरत में कहीं भी माहौल खराब नहीं होने देंगे हम चाहते हैं कि लोग मिल कर देश की तरक्की की बात करें शिक्षा की बात करें रोजगार की बात करें नफरत और हिंसा को देश से खत्म किया जाए । प्रदेश सचिव हाजी दीन मोहम्मद अब्बासी ने लोगों को



फूल देते हुए बताया कि देश तलवार से या बंदूक से नहीं बल्कि कलम हाथ में ले कर आगे बढ़ सकता है सदर विधानसभा अध्यक्ष मास्टर इख्वान ने भी अमन और भाई चारे की बात करते हुए लोगों को कलम बांटे। सभी कार्यकर्ता मीनाक्षी चौक पर इक्ठा हुए और वहीं से सब को फूल और कलम बांटते हुए चले ।पूर्व जिलाध्यक्ष शाहरुल त्यागी, मीरापुर पूर्व प्रत्याशी अरशद राणा, कुंवर उस्मान अली एडवोकेट, हाफिज जफरयाब अली राना ने भी अपनी बात रखते हुए बताया कि ये मुल्क प्यार और मोहब्बत से चलेगा नफरत के लिए यहां कोई जगह नहीं जो लोग अपनी गलत मानसिकता से उल्टे सीधे काम कर रहे हैं उससे सिर्फ माहौल खराब होगा जो पंप नहीं चाहती। बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी संविधान की लड़ाई लड़ते हैं जो हर मजलूम की आवाज उठाते हैं ।

# मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ

**शाहपुर।** कानून की सजग प्रहरी एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव द्वारा राजकीय महाविद्यालय में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नए मतदाता जोड़ने से संबंधित जानकारी दी गई।

एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव द्वारा 01.01.2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी कॉलेज के छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही 25-26 फॉर्म ( भरवा कर शुभारंभ किया गया।

मतदाता बनने की अर्हता पर चर्चा की गई, साथ ही फार्म 6/7/8 भरने व जमा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीगण अधिक. ारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीगण अधिकारी व ठस्० उपस्थित रहे।



साथ ही कॉलेज प्रधानाचार्य, शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों द्वारा फॉर्म 6 भरा गया। (घोषणा पत्र सहित), साथ ही फॉर्म 6,7,8 भरने हेतु पूर्ण प्रचार प्रसार किया गया। सभी को प्रोत्साहित किया गया।

# धर्म सेवा में अग्रणी वैभव जैन का हुआ सम्मान

## खाटू श्याम मंदिर निर्माण में योगदान को बताया आदर्श उदाहरण

■ झारखण्ड महादेवालय समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम

**खतौली।** झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी समिति द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं जय हनुमान ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन वैभव जैन को धार्मिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समिति ने नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर के निर्माण में उनके सहयोग को प्रेरणादायक बताते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि वैभव जैन का देवालयों और धार्मिक कार्यों के प्रति समर्पण समाज के लिए मार्गदर्शक है। उनके सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य को नई दिशा और गति मिली है। समिति ने भविष्य में भी उनके निरंतर सहयोग की आशा जताई।

इस अवसर पर समिति की ओर से वैभव जैन को 29 जनवरी को आयोजित होने वाले एकादशी संकीर्तन कार्यक्रम में ससम्मान आमंत्रित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाजसेवा और धर्म सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अनुकरणीय है। सम्मान समारोह में झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी समिति के अध्यक्ष सुधीर गोयल, सचिव तरुण सुरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री संजीव कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य), प्रमुख सहयोगी मनोज उपाध्याय, अनुराग शास्त्री, प्रभात पुंडीर सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मतदाता पंजीकरण अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे जिला स्तरीय विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ मंगलवार को राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने किया। इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अधिकारियों एवं जनसामान्य को एकता, अखंडता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण का बटन क्लिक कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि लोकतंत्र की सच्ची शक्ति युवाओं में निहित है। उन्होंने युवाओं से आ]वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदाता पंजीकरण कराकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता बनना केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। बताया कि यह विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 6 जनवरी से 6 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। ऐसे सभी युवा जिनकी आयु एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के पात्र हैं। इसके अतिरिक्त पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा नाम विलोपन से संबंधित कार्य भी निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से 11 जनवरी को जनपद के समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान बूथों पर उपस्थित रहेंगे। नागरिक अपने नजदीकी मतदान बूथ पर जाकर अथवा ऑनलाइन माध्यम से भी मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इस अवसर पर स्वीप कोऑर्डिनेटर नीरज विश्वकर्मा ने स्वीप शामली की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्एन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार, अमित मलिक, अदिति, गोविंद, मनोज, अनिल, वेदपाल, नीरज आदि उपस्थित रहे।

## मतदाता पुनरीक्षणः दावे आपत्ति 6 फरवरी तक होंगे दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 6.1.2026 को प्रत्येक पदाभिहित स्थलों एवं मतदेय स्थलों पर करा दिया गया है। दावे और आपत्तियां दिनांक 6.1.2026 (मंगलवार) से दिनांक 6.2.2026 (शुक्रवार) प्राप्त की जाएगी तथा उनका निस्तारण दिनांक 27.2.2026 (शुक्रवार) तक किए जाने हेतु आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आज हामिद हुसैन, डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली ने अवगत कराया कि आयोग द्वारा 4 अर्हक तिथियां निर्धारित की गई है, अतः दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की उपरोक्त अवधि के दौरान यदि कोई मतदाता 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 व 1 अक्टूबर, 2026 को अर्ह हो रहे हैं, तो ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा कर सकता है तथा निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने मतदाता फोटो, पहचान पत्र के प्रतिस्थापन / दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/ निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है।मतदाता सूची में पंजीकरण कराने या किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन इत्यादि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप ECINET mobile app एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6 व फार्म- 8 घोषणा-पत्र सहित किया जा सकता है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत है।

## मई माह में लगेगा भारतीय व्यापार महोत्सव 2026

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि देश के 36राज्यों के 8 करोड़ व्यापारियों के देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कैट यानी कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स के सौजन्य से दिल्ली के' भारत मंडपम' प्रगति मैदान में आगामी 1 मई से 4 मई तक'भारतीय व्यापार महोत्सव 2026' के नाम से एक राष्ट्रीय स्तर के व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन संभवतः देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जाएगा तथा समापन देश की राष्ट्रपति महोदया महामहिम मती द्रोपदी मुर्मू जी के द्वारा किया जाएगा राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि उन्हें इस राष्ट्रीय स्तर के भारतीय व्यापारी महोत्सव 2026 की बोर्ड का माननीय सदस्य बनाया गया है इस विश्व स्तरीय भव्य मेले की तैयारी पर चर्चा हेतु दिनांक 7 व 8जनवरी को दिल्ली में इस भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के बोर्ड के सदस्यों एवं देश के प्रमुख व्यापारियों एवं उद्यमियों की अति आवश्यक बैठक कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा हेतु आयोजित की जा रही है इस इस भव्य मेले को लगभग 50 माननीय केंद्रीय मंत्रियों तथा 20 राज्यों के माननीय मुख्यमंत्रीयो का मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलने की संभावना है उधर इस भव्य भारतीय व्यापारी महोत्सव 2026 के नाम से आयोजित व्यापार मेले में देश व विदेश के करोड़ो व्यापारी व उद्यमी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस मेले का लाभ उठाएंगे।

इस भव्य भारतीय व्यापार महोत्सव मेले में देश के विभिन्न राज्यों के व्यापारियों एवं उद्योग. पतियों द्वारा हजारों की संख्या में भव्य स्टॉल प्रदर्शनी के रूप में लगाए जाएंगे उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख व्यापारियों को इस मेले में अपने स्वदेशी उत्पाद का स्टाल लगाने का आवाहन किया है ताकि देश व विदेश से आने वाले व्यापारियों एवं उद्यमियों को भारत में निर्मित वउत्पादित वस्तुओं की जानकारी देकर भारत की बढ़ती ताकत का एहसास करा जा सके कनफेडरेशनऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महासचिव एवं दिल्ली चांदनी चौक के सांसद माननीय प्रवीण खंडेलवाल जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस राष्ट्रीय भारतीय व्यापारी महोत्सव की सफलता से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मानीय नरेंद्र मोदी जी का भारत को विकसित देश बनाने का सपना पूरा होगा उन्होंने 1 मई से 4मई तक दिल्ली के भारत मंडपम प्रगति मैदान में कैट द्वारा आयोजित इस भव्य विश्व स्तरीय व्यापार मेले में व्यापारियों को भाग लेकर लाभ उठाने का आह्वान किया उन्होंने बताया कि वे शीघ्र ही उत्तर प्रदेश के शामली सहित अन्य जिलो के व्यापारियों के साथ बैठक कर उद्यमियों एवं व्यापारियों को इस भव्य भारतीय व्यापार महोत्सव में स्टॉल लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए बैठकें आयोजित करेंगे।

## बाल विवाह की रोकथाम को धर्म गुरुओं से बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना परिसर में बाल विवाह मुक्त समाज की दिशा मे धर्म गुरू के साथ पुलिस द्वारा बैठक आयोजित की गई बैठक में, सीओ जितेंद्र सिंह ने बताया बाल विवाह मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम सभी धार्मिक नेता एवं विभिन्न धर्मो के श्रद्धालु समुदाय मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा गिरजाघर एवं अन्य धार्मिक स्थलों एवं विवाह संबंधी सेवा प्रदाता मैरिज हॉल बैंक्विट हॉल बैंड पार्टी डीजे कैंटर्स फोटोग्राफर टेंट हाउस आदि के साथ को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से सदफ खान (डीएमसी) ने बताया कि बाल विवाह विवाह का एक ऐसा प्रकार है जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णतः गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं का तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकों का विवाह कराना कानूनन अपराध है, इसके अतिरिक्त बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तिभी दोषित है । बैठक मे अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है या संदेह होता है, तो इसकी तत्काल सूचना नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन सेवा 181 पर दी जा सकती है। समय पर सूचना मिलने से बाल विवाह को रोका जा सकता है। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से श्रीमती पारुल चौधरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि की पात्रता एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया। सीओ जितेंद्र सिंह ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध महिला हेल्पलाइन 181 एवं उत्तर प्रदेश चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न संरक्षण कानूनों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित धर्मगुरु अन्य उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।ब बैठक मे मंदिर मस्जिद के प्रतिनिधि सम्मलित रहे।

## पुलिस विभाग की 22 बीघा भूमि पर चला प्रशासन का डंडा, अवैध कब्जे हटवाया

**थानाभवन।** नगर में रेलेवे स्टेशन के निकट पुलिस विभाग की लगभग 22 बीघा भूमि पर वर्षो से चले आ रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश और निशानदेही शुरू कर दी। नगर में स्टेशन के पास स्थित इस भूमि पर दर्जनों लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायतों पर आखिरकार प्रशासन मंगलवार को उप जिला. धिकारी अर्चना शर्मा के नेतृत्व में तहसीलदार मनोज कुमार, कानूनगो सुनील कुमार दत्त, हल्का लेखपाल जितेंद्र कुमार, अंकुर कुमार, भूपेंद्र, पुलिस क्राइम निरीक्षक प्रमोद कुमार, एसएसआई इंदर सेन पुलिस टीम भारी संख्या में मौके पर पहुंची। टीम ने पहुंचते ही भूमि का निशान-नक्शा सत्यापन शुरू किया और मौके पर पैमाइश कर निशानदेही की गई। इसके बाद कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया के तहत प्रशासन ने जमीन पर पिलर गाड़ने का कार्य शुरू किया।अचानक हुई प्रशासनिक कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया और लोग अपने घरों से निकलकर कार्रवाई को देखते रहे।कानूनगो सुनील दत्त ने बताया कि भूमि की स्थिति, पैमाइश रिपोर्ट और अवैध कब्जों का पूरा विवरण जिलाधिकारी को प्रेषित किया जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासनिक टीम ने स्पष्ट किया कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और क्रमिक रूप से सभी अवैध निर्माणों एवं कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। पैमाईश पूर्ण होने पर भूमि के चारों ओर पिलर गाड़ने प्रारंभ कर दिए गए।

## 14 जनवरी 2026 को बड़ौत में भूतपूर्व सैनिक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 14 जनवरी 2026 को बडौत में भूतपूर्व सैनिक रैली आयोजित होने जा रही है। यह जानकारी देते हुए कर्नल अजय कुमार सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी शामली द्वारा अवगत कराया गया कि इस रैली में वेटरन्स शाखा, हेडक्वार्टरस पश्चिम यूद्वपीढ़ सब एरिया, मेरठ से समबद्ध जिला शामली के भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाए, वीरगति प्राप्त सैनिक, वीर नारियां 14 जनवरी 2026 को बडौत बागपत में होने वाली पूर्व सैनक रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रैली सफल बनाएं और इसका लाभ उठाए। रैली में भाग लेने के इच्छुक पूर्व सैनिक व वीर नारियां जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय को अवगत करा दें, ताकि रैली में उनके आने जाने के लिए बस का इन्तजाम किया जा सके।



## आवारा कुत्तों के हमले से चरवाहा को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव मुंडेट कला में आवारा कुत्तों के हमले से एक चरवाहे को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ग्राम भैंसवाल निवासी सचिन कुमार पुत्र राज सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बचपन से ही भेड़ पालन का पैतृक कार्य करता आ रहा है।

उसके पास करीब 300 भेड़ थीं, जिन्हें चराने के लिए वह ग्राम मुंडेट कलां के जंगलों में गया हुआ था। पीड़ित ने बताया कि रात्रि के समय वह ग्राम मुंडेट स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में रुका था। रात करीब 2:30 बजे भेड़ों के शोर से उसकी नींद खुली, तो उसने देखा कि आवारा कुत्तों ने भेड़ों पर हमला कर दिया है। कुत्तों के हमले से भयभीत भेड़ें इधर-उधर भागने लगीं और जान बचाने के प्रयास में गोकुलधाम कॉलोनी के एक गहरे प्लॉट में एक-दूसरे के ऊपर कूद पड़ीं। इस दौरान एक-दूसरे के नीचे दबने से 132 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, कुत्तों के हमले में 14-15 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका उपचार पशु चिकित्सक द्वारा कराया गया है। पीड़ित ने घटना की सूचना देते हुए थाना आदर्श मंडी शामली में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया है। सचिन कुमार ने डीएम से मृत भेड़ों एवं घायल भेड़ों के उपचार के लिए मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र के पशुपालकों में भी रोष और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## तहसील बार एसो. के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने की शपथ ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील सभागार में तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष ने पदाधिकारियो को प्रमाण पत्र देकर शपथ ग्रहण कराई गई। नवनिर्वाचित तहसील बार एसोसिएशन के पदा. धिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह तहसील सभागार में आयोजित किया गया जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शादाब खान द्वारा अध्यक्ष सत्यवीर सिंह महासचिव सोनू कल्याण कोषाध्यक्ष जसवीर सोदाई को पद की शपथ दिलाई इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यवीर सिंह द्वारा कहा कि सभी अधिवक्ताओं द्वारा चुनाव में सहयोग दिया मैं उनका आभारी हूं तथा अधिवक्ताओं के



हितों के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा उन्होंने बार भवन का निर्माण पूरा कराने का भी आश्वासन दिया।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने कहा कि बार बेंच के बीच पदाधिकारी एक मजबूत कड़ी होते हैं अगर दोनों पक्ष अपने-अपने हितों की बात करते हैं तब टकराव होता है दोनों पक्षों को लोकहित में कार्य करना चाहिए जिससे कि सबके संबंध मधुर रहे तथा आम जनता को न्याय मिल सके। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए लोकहित में कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन यशवीर सिंह एडवोकेट ने किया कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सम्राट सिंह नवीन सरोहा सुरेंद्र सिंह अजेन्द्र सिंह अनुज शर्मा सतीश कुमार राकेश कुमार जोगिंदर सिंह मुंगेर सहित अधिवक्ता गण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## तिरंगा की डोरी काटने का लगाया फर्जी आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** कस्बा एलम निवासी दर्जनों लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कस्बेवासियों पर राष्ट्रीय ध्वज की डोरी काटने का फर्जी आरोप लगाने के मामले में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। मंगलवार को डीएम को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि कुछ व्यक्तियों द्वारा राजनैतिक और अपनी मनमानी के चलते झूठी शिकातय की गई है। जिसमें ध्वज की डोरी काटने और भडकाऊ भाषण देने का झूठा आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि यदि शिकायत सही है तो नगर पंचायत अध्यक्ष या ईओ द्वारा क्यो पुलिस को सूचना नही दी गई। उन्होने कहा कि मौके पर कैमरा लगा है, जिसकी जांच की जा सकती है। उन्होने मांग की कि जब तक निष्पक्ष जांच न हो तक तक किसी भी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज न किया जाए। कहा कि दीपा पंवार, जयकुमार, अंकित पंवार, नीशू पंवार, योगेन्द्र पंवार, सभी की कॉल डिटेल भी निकाली जा सकती है कि वह उस दिन कहा थे। चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नही हुई तो सडक पर उतरकर आन्दोलन किया जाएगा। इस अवसर पर योगेन्द्र पंवार, पुलकित पंवार, नीटू, पंकज, उदयवीर, रणबीर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### यातायात जागरूकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाकर ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान सड़क हादसों से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र की चौकी गांव हिंड,व हरड़फतेहपुर में मंगलवार को यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार की अगुवाई में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका यातायात नियमों का पालन करना है। उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि रात्रि में वाहन चलाते समय वाहन में रिफ्लेक्टर लगे होने अनिवार्य हैं, ताकि दूसरे वाहन चालक दूर से ही वाहन को देख सकें। साथ ही पार्किंग लाइट का उपयोग करना चाहिए, जिससे रात में सड़क पर .श्यता बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि वाहन चलाते समय आगे-पीछे चल रहे वाहनों से 25 से 50 मीटर की सुरक्षित दूरी बनाए रखना आवश्यक है, जिससे अचानक ब्रेक लगने या मोड़ आने पर दुर्घटना की संभावना कम होती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, जिससे स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।अभियान के दौरान पुलिस टीम में कांस्टेबल बाबू, कांस्टेबल प्रवेश कुमार, हेड कांस्टेबल संजय कुमार सहित ग्रामीणों में शहजाद राणा, मोहम्मद रिजवान, गुफरान रहमान, गुल मोहम्मद, वकील, स्वराज, मजीद, सुरेंद्र, लोकेंद्र, कपिल, रविंद्र, रिशिपाल आदि मौजूद रहे।

### साइड लगने पर झगड़ा, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिडौली।** बिडौली क्षेत्र में सोमवार की देर रात करीब 9 बजे हरियाणा के करनाल जा रहे दो युवकों के साथ साइड को लेकर हुई कहासुनी के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना हरी नगर बॉर्डर के पास बिडौली स्थित जिला पंचायत के ठेके के समीप की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विपिन कुमार अपने चचेरे भाई गौरव शर्मा के साथ निजी कार्य से करनाल जा रहे थे। जैसे ही वे जिला पंचायत के ठेके के पास पहुंचे, वहां मौजूद कर्मचारियों से साइड देने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और इस दौरान गौरव शर्मा पर हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद विपिन कुमार ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष ने तीन नामजद तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घायल अवस्था में एक व्यक्ति रात में थाने पहुंचा था, जिसका मेडिकल परीक्षण करा दिया गया है। अभी तक थाने में कोई तहरीर नहीं आई अगर तेरी आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक पर लाठी-डंडों से हमला, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग पर एक युवक के साथ लाठी-डंडों से की गई मारपीट का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कई युवक एक युवक को घेरकर उस पर बेरहमी से डंडों से हमला कर रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र की बिजली घर बस्ती निवासी कासिम ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत रविवार को वह अपने घर के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते पड़ोस के कई युवक मौके पर पहुंचे और हाथों में डंडे लेकर उस पर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने उसे चारों ओर से घेरकर जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में किसी व्यक्ति ने सीसीटीवी फुटेज को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान कर रही है।

### दुष्कर्म में सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा बनत निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ले के ही समद ने पूर्व में प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को जबरन उठाकर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस मामले में थाना आदर्श मंडी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी समद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित हो चुका है और वर्तमान में पत्रावली साक्ष्य की अवस्था में विचाराधीन है। पीड़ित ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है और अक्सर काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता है। घर पर उसकी पत्नी और नाबालिग बच्चे रहते हैं। आरोप है कि 3 जनवरी को शाम करीब चार बजे, जब पीड़ित की नाबालिग पुत्री घर के बाहर दुकान से सामान लेने गई थी, तभी वहां समद, साजिद और साकिर मिले। जिन्होने बच्ची को जबरदस्ती पकड़ लिया। बच्ची के शोर मचाने पर उसकी मां मौके पर पहुंची। जिन्होने अदालत में समद के खिलाफ गवाही देने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# बाइक सवार बदमाशों की ताबड़तोड़ फायरिंग, गांव में दहशत

## पांच नामजद व दो अज्ञात पर मुकदमा, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के ग्राम तितरवाड़ा में सोमवार रात बाइक सवार बदमाशों द्वारा अवैध पिस्टलों से की गई ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत फैल गई। हमले का वीडियो सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित सरवर पुत्र अ"यूब निवासी ग्राम तितरवाड़ा के अनुसार सोमवार रात करीब सवा नौ बजे दो बाइकों पर सवार आधा दर्जन से अधिक बदमाश उसके मकान पर पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से हाथों में लिए अवैध पिस्टलों से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। महिलाएं व बच्चे जान बचाने के लिए घरों से भागने को मजबूर हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पीड़ित परिवार दहशत में है और सुरक्षा को लेकर चिंतित है। बताया गया कि यह पहली घटना नहीं है। गत 31 दिसंबर को भी इसी गिरोह ने सरवर पर उस समय जानलेवा हमला किया था, जब वह अपने साथी मुनव्वर और भाई नदीम के साथ कार से घर लौट रहा था। उस दौरान बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिसमें सरवर के हाथ में गोली लग गई थी। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। उस मामले में पुलिस ने सुफियान, सावेज और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी सुफियान को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सावेज पुत्र इरफान, आवेश पुत्र तासिम, नोमान पुत्र जाहिद, आलिम पुत्र जमालू, आरिफ उर्फ पिस्टल पुत्र इनाम तथा दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# यातायात पुलिस का सघन जागरूकता अभियान चला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एनपी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन को जनपद शामली में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से No Helmet No Fuel अभियान के अंतर्गत व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं सख्त प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया गया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न प्रमुख एवं व्यस्त स्थानों जैसे एसटी तिराहा, विजय चौक, टिकैत तिराहा, अंजता चौक सहित अन्य मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस शामली द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि हेलमेट न पहनने की स्थिति में ईंधन नहीं दिया जाएगा, क्योंकि हेलमेट न पहनना सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोट का प्रमुख कारण है।

यातायात पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी सुरक्षा उपकरण है। दोपहिया वाहन चालकों को मानक हेलमेट पहनने हेतु जागरूक किया गया व No Helmet No Fuel अभियान की जानकारी देकर हेलमेट के बिना पेट्रोल न देने के नियम से अवगत कराया गया। सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों जैसे तेज गति, लापरवाही, नशे की हालत में वाहन चलाना एवं यातायात नियमों की अनदेखी के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया।

वाहन चालकों को यातायात संकेतों, लेन अनुशासन एवं गति सीमा का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। आम नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अभियान के दौरान यातायात पुलिस शामली द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त प्रवर्तनात्मक कार्यवाही करते हुए 'कुल 243 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें 191 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने के पाए गए। यातायात पुलिस शामली का उद्देश्य जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर हर नागरिक को सुरक्षित, संरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात वातावरण प्रदान करना है। शामली में No Helmet No Fuel सहित अन्य सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## एक नजर

### संगीत सोम को धमकी देने पर हिन्दू रक्षा दल ने खोला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बॉलीवुड एक्टर शाहरूख खान को गद्दार कहने के बाद पूर्व विधायक और बीजेपी नेता संगीत सोम को धमकी देने को लेकर हिंदू रक्षा दल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होने मुजफ्फरनगर के सपा जिलाध्यक्ष पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए मुजफ्फरनगर कूच करने की चेतावनी दी। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने कार्यकर्ताओं समझा बुझाकर शांत किया, जिसके बाद कार्यकर्ता वापस लौट गए। आईपीएल मैच में बांग्लादेश के क्रिकेटर को शाहरूख खान द्वारा अपनी क्रिकेट टीम में रखने को लेकर भाजपा के नेता संगीत सोम ने शाहरुख खान को गद्दार बोल दिया था। वहीं संगीत सोम के बयान के बाद मुजफ्फरनगर से समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने प्रतिक्रिया दी। जिसके बाद हिन्दू रक्षा दल में आक्रोश व्याप्त है। उन्होने जिया चौधरी पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया। मंगलवार को हिन्दू रक्षा दल के शीर्ष नेतृत्व के आ]वान पर सपा के मुजफ्फरनगर जिला कार्यालय पर प्रदर्शन किए जाने और हनुमान चालीसा पाठ किए जाने का कार्यक्रम रखा गया। शामली के मोहल्ला रेलपार से मुजफ्फरनगर कूच करने की तैयारी कर रहे संगठन के करीब आधा दर्जन कार्यकर्ताओं को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने रोक लिया और समझा बुझाकर शांत कर दिया। हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों का कहना है कि संगीत सोम हिंदू हृदय सम्राट है। उनके ऊपर की गई अमर्यादित टिप्पणी से करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस अवसर पर विजय शर्मा, अमित कर्णवाल, पिंकू आदि मौजूद रहे।

### दिन दहाड़े महिला से पर्स उड़ाया, सोने के कुंडल व नकदी लेकर फरार हुआ चोर

**कैराना।** ग्राम ईस्सापुर खुरगान निवासी समीना पत्नी अनीस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह विगत सोमवार की देर शाम करीब छह बजे अपने मायके गांव तितरवाड़ा से ससुराल लौट रही थीं। इसी दौरान चौक बाजार स्थित छतरी वाले कुएं के पास किन्नू खरीदने के लिए रुकीं। किन्नू की ठेली पर खरीदारी करते समय उन्होंने एक हाथ में बैग टांगा हुआ था और दूसरे हाथ से रूपए दे रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने उनके बैग में हाथ डालकर ऊपर वाले हिस्से में रखा पर्स निकाल लिया और मौके से फरार हो गया। पर्स में चार जोड़ी सोने के कुंडल तथा छह हजार रूपए नकद रखे हुए थे। कुछ देर बाद जब महिला ने बैग चेक किया तो पर्स गायब मिला, जिससे वह घबरा गईं। पीड़िता ने पास की एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देखी, जिसमें एक युवक पर्स निकालकर भागते हुए दिखाई दे रहा है। इसके बाद वह कोतवाली कैराना पहुंचीं और घटना की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### छात्राओं ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के क्रम में आयोजित हुआ।अभियान के तहत महाविद्यालय की छात्राएं कस्बे की विभिन्न बस्तियों में पहुंचीं और आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क पर चलते समय यातायात संकेतों का पालन करने के महत्व की जानकारी दी।छात्राओं ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता अभियान के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और लोगों से सुरक्षित यातायात अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से नगरवासियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद रहा।

# कैराना बार एसो. चुनाव का बजा बिगुल, 16 को होगा मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जिला बार एसोसिएशन कैराना के वार्षिक चुनाव का बिगुल बज गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त सत्यवीर सिंह शर्मा और चुनाव आयुक्त ब्रह्मपाल सिंह चौहान, ब्रह्म सिंह, चौधरी रियासत अली, ओमप्रकाश चौहान एवं शगुन मित्तल ने मंगलवार को वर्ष 2026 की कार्यकारिणी गठन हेतु अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना के अनुसार बार भवन में 8 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 8 और 9 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री और दाखिल करने का काम होगा। 12 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। वहीं, 13 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी और आपत्तियों के निस्तारण का कार्य संपन्न होगा। मतदान 16 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक कराया जाएगा। इसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव प्रशासनिक, सह सचिव पुस्तकालय, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ सदस्य और कनिष्ठ सदस्य के नौ पदों पर मतदान होगा। सभी प्रक्रिया बार भवन में संपन्न कराई जाएगी। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही दावेदारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बार परिसर में चुनावी हलचल बढ़ गई है, और सदस्य अपने उम्मीदवारों को समर्थन देने के लिए तैयार हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग





**शामली।** शहर के दिल्ली रोड स्थित टायर मार्किट में देर रात्रि दो दुकानों में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। दुकान से काला धुआ और आग की लटपते देख आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना दुकान मालिक को दी। सूचना पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचे गई और घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया गया। आग लगने से दोनों दुकानों में करीब 5 लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

शहर के तैमुरशाह निवासी सभासद इखलाक उर्फ कालू कुरैशी और गुलशननगर निवासी नौशाद राव पुत्र हबीब की शहर के टायर मार्किट में पुराने टायरों की दुकान है। बताया जाता है कि गत सोमवार देर शाम 7 बजे वह दोनों दुकान बंद कर चले गए थे। रात्रि करीब दो बजे अचानक दुकान में भीषण आग लग गई। दोनों की दुकान से आग की लपटे निकलने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने दुक. ानों में आग लगी देख मामले की सूचना सभासद कालू कुरैशी को दी। सूचना पर दोनों दुकानदार मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना दमकल विभाग के अधिकारियों को दी गई। दमकल विभाग की टीम भी तुरंत मौके पर पहुंच गई और घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया जा सकता। कालू कुरैशी की दुकान में आग लगने से टायर, फर्नीचर, छप्पर सहित दो लाख रूपये का नुकसान हुआ है, जबकि नौशाद राव की दुकान में आग लगने से फर्नीचर, मशीन, छप्पर और पुराने टायर जलने से करीब तीन लाख रूपये का नुकसान हुआ है। दोनों दुक. ानदारों का कहना है कि उनकी दुकान में बिजली का कनेक्शन अलग है, जिससे शॉर्ट सर्किट नही हो सकता है। दुकान में किसी ने रंजिशन आग लगाई है। जिसके लिए पुलिस को सूचना दे दी गई।



# नरसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद के प्रसंग से गूंजा श्रीमद्भागवत कथा स्थल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में आयोजित मद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे और भगवान विष्णु की भक्ति में लीन नजर आए।

कथावाचक द्वारिका प्रसाद ने भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद के प्रसंग का भावपूर्ण और विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब अत्याचारी हिरण्यकश्यप के अत्याचार बढ़ गए और उसने स्वयं को भगवान घोषित कर दिया, तब भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप धारण कर अधर्म का नाश किया।

कथावाचक ने इस प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को सत्य, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मंगलवार की सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें यजमान वीरेन्द्र दत्त सेमवाल ने पंडितों के सान्निध्य में पूजा संपन्न कराई। दोपहर बाद मद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान भजनों और जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे ध्यान और श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया। कथा के समापन पर सामूहिक आरती की गई और सभी श्रद्धालुओं के कल्याण, सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की गई। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।


# आम जन को ट्रैफिक वार्डन बनाने को किया जागरूक



**शामली।** सुरक्षित यातायात की दिशा में बड़ा कदमरू राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह.2026 में शामली पुलिस ने आमजन को ट्रैफिक वार्डन बनने हेतु किया जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एनपी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह.2026 के अंतर्गत जनपद शामली पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के अमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाए जाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता एवं सहभागिता आधारित अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा ग्राम केडी एवं ग्राम हिरणवाड़ा तथा थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा दिल्ली रोड, मौहल्ला तैमूरशाह, मोमीन नगर एवं गुलशन नगर क्षेत्रों में विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को ट्रैफिक वार्डन (यातायात प्रहरी) के रूप में स्वेच्छा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे समाज की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को ट्रैफिक वार्डन की भूमिका, दायित्व एवं महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि ट्रैफिक वार्डन न केवल यातायात नियमों के पालन में पुलिस का सहयोग करते हैं, बल्कि सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात को सुचारु बनाए रखने तथा आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही नागरिकों को यह भी अवगत कराया गया कि ट्रैफिक वार्डन समाज और पुलिस के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हैं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों के प्रति भी विस्तार से जानकारी दी गई। आमजन को यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व ही नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

# यमुना नहर किनारे नवजात का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर के किनारे एक नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।आशंका जताई जा रही है कि लोक-लाज के भय से किसी कुंवारी मां ने नवजात शिशु को जन्म के बाद नहर किनारे फेंक दिया होगा। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को थाना क्षेत्र की पूर्वी यमुना नहर के समीप लकड़ी बीनने वाली महिला पूजा ने पुलिस को बताया कि नवजात शिशु का शव करीब तीन दिनों से उसी स्थान पर पड़ा हुआ था। दुर्गंध फैलने और लोगों की नजर पड़ने के बाद मामले की जानकारी सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की सहायता से नहर किनारे पड़े नवजात के शव को उठवाया। इसके बाद नियमानुसार गड्ढा खुदवाकर शव को दफना दिया गया।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पूर्वी यमुना नहर के किनारे एक नवजात शिशु का शव मिला था, जिसे विधिवत रूप से दफना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए पुलिस गहन जांच-पड़ताल कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात शिशु को किसने और किन परिस्थितियों में नहर किनारे छोड़ा। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है।घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है।

# ऑपरेशन सवेराः नशा मुक्त समाज की कल्पना




**शामली।** ऑपरेशन सवेरा: नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह्न अभियान के अंतर्गत नशा-मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से जनपद में व्यापक, सुसंगठित, उद्देश्यपूर्ण एवं अत्यंत प्रभावी जन-जागरूकता कार्यक्रमों का सतत संचालन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एन।पी। सिंह के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के प्रभावी मार्गदर्शन में जनपद शामली पुलिस द्वारा नशा-मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से 'ह्ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह्न' अभियान को निरंतर, व्यापक एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा ग्राम पेलखा में आमजन के बीच पहुंचकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों को नशे से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया गया कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाएं। जनपद शामली पुलिस का संकल्प है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक कर एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं सशक्त समाज' का निर्माण किया जाए। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु भविष्य में भी जनपद भर में इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक अभियान निरंतर एवं प्रभावी रूप से संचालित किए जाते रहेंगे।

# विधवा की 11 बीघा जमीन का फर्जी बैनामा, रिश्तेदारों पर जालसाजी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में जमीन के फर्जी बैनामे का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम भूरा के मजरा पहाड़माजरा निवासी एक अनपढ़ विधवा महिला ने अपने ही रिश्तेदारों पर षडड्ंत्र कर उसकी 11 बीघा कृषि भूमि का फर्जी बैनामा कराने, धोखाधड़ी करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली कैराना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता इमराना पत्नी स्व. रुकमदीन ने बताया कि उनके पति की करीब ढाई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में वह अपने बच्चों के साथ गर्ग कॉलोनी, बल्लभगढ़ (जनपद फरीदाबाद, हरियाणा) में रह रही हैं। गांव में उनके नाम करीब 11 बीघा कृषि भूमि दर्ज है। आरोप है कि 11 अगस्त 2023 को उन्होंने अपनी छोटी बहन के ससुर जिन्दा पुत्र कमरू निवासी ग्राम भूरा से 7 लाख रूपए प्रति बीघा की दर से जमीन बेचने का सौदा तय किया था। इसके तहत कार्यालय सब-रजिस्ट्रार कैराना में एक पंजीकृत इकरारनामा भी कराया गया था। पीड़िता के अनुसार, बैनामा कराने की अंतिम तिथि पहले तीन जनवरी तय हुई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 30 मई कर दिया गया। इसी बीच आरोप है कि क्रेता पक्ष ने अपने पुत्रों जमशैद व शमशाद तथा पुत्रवधू इसराना के साथ मिलकर षडड्ंत्र रचा। आरोप है कि कार्यालय में ड्राफ्टकर्ता व कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से मूल्यवान प्रतिभूति पर पीड़िता के फर्जी अंगूठे के निशान लगवाकर उनकी जगह किसी अन्य महिला को खड़ा कर पांच जुलाई को जमीन का बैनामा करा लिया गया। पीड़िता ने मांग की है कि बैनामे के समय कार्यालय सब-रजिस्ट्रार कैराना में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। बताया गया कि जब वह अपने पुत्रों के साथ गांव पहुंचीं तो उन्हें फर्जी बैनामे की जानकारी हुई। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।इमराना ने अपने पुत्र रिजवान के साथ कोतवाली कैराना पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर जिन्दा पुत्र कमरू, जमशैद, शमशाद, इसराना सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ठंड से बचाव के लिए बच्चों एवं महिलाओं को गर्म कपड़े किए वितरित






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामाजिक संस्था उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच द्वारा कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए दर्जनों निर्धन व असहाय बच्चों और महिलाओं को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सभी लोगों से समाज सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

मोहल्ला कास्थवाड़ा स्थित कार्यालय पर सामाजिक संस्था उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच के तत्वावधान में 4 साल से 12 साल तक के बच्चों को जर्सी, स्वेटर, जरकिन, एवं महिलाओं को कार्डिगन व शॉल दिए गए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस कड़ाके की ठंड में बहोत से लोग ऐसे मजबूर हैं कि उनके पास सिर छुपाने के लिए घर और जिस्म छिपाने के लिए कपड़े तक नहीं हैं। उन्होंने नगर के सभी सामर्थ लोगों से ऐसे लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने का आह्वान किया। डा. कल्याण सिंह व हाजी हनीफ ने भी विचार रखे। रहतु त्यागी, अग्रेश पवार, विजय बजाज, शिवकुमार कश्यप, जयपाल धीमान, मोहसिन, रेखा, अमिता शर्मा, चंदौ आदि संगठन के लोग शामिल रहे।

# लोजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्य अहलावत का किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक जनशक्ति पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्य अहलावत का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लक्ष्य ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

रेलवे रोड स्थित लोजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में लक्ष्य अहलावत को बधाई देते हुए युवा राष्ट्रीय महासचिव राघवदास अग्रवाल ने कहा कि सर्वजन का हित लोक जनशक्ति पार्टी में सुरक्षित है। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उनकी मेहनत की बदौलत दिनों दिन पार्टी और अधिक मजबूत हो रही है। कहा कि पार्टी मुखिया चिराग पासवान स्व. रामविलास पासवान की जनहित नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं। लक्ष्य अहलावत ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह निष्ठा से निर्वहन करते हुए पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वह पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोडने का काम करें। इस मौके पर अजय जाटव, आशीष मित्तल, मुकेश अग्रवाल, राजीव सैनी, प्रवेश सैनी, कुलदीप सैनी, विजय बजाज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा पूजा अग्रवाल, जन्नती महक, ऋषि कपूर, राकेश भगत आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दिव्यांग रिक्शा चालक एवं बेटियों को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाजार में रिंग सेरेमनी के लिए बेटियों को सामान दिलाने गए दिव्यांग रिक्शा चालक और बेटियों को पिता-पुत्र ने मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

वाल्मीकि बस्ती निवासी अशोक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वे दिव्यांग है और ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार को वह मोहल्ला कायस्थवाड़ा स्थित एक सराफ के यहां दो बेटियों को साथ लेकर सगाई के लिए सामान दिलाने के लिए गया था। आरोप है कि इस दौरान वहां पहुंचे स्कूटी सवार युवक ने उसके साथ अकारण गाली गलौज शुरु कर दी, कुछ ही देर में आरोपी का पिता भी वहां पहुंच गया। विरोध करने पर दोनों पिता-पुत्र ने मारपीट शुरु कर दी। आरोप है कि बीच बचाव को आई बेटियों के साथ भी मारपीट की गई। जिसमें तीनों घायल हो गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जांच उपरांत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा **छोटा** पुत्र सुनील व पुत्रवधू **निशा** और पौत्र **उत्तम** मेरे कहने सुनने में नहीं हैं तथा मुझे तरह-तरह से परेशान और तंग करते हैं, मैंने सुनील, निशा व उत्तम से संबंध विच्छेद कर इन्हें अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।

**मोल्हड पुत्र दलमीर**, निवासी बसेड़ा थाना नागल, तहसील देवबंद, जनपद सहारनपुर।

# शुगर मिल ने किया खरीदे गए गन्ने का भुगतान

**देवबन्द।** त्रिवेणी शुगर मिल ने नववर्ष पर किसानों का दो जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का समस्त भुगतान सहकारी समितियो के माध्यम से किसानों के खातों में भेज दिया। उक्त जानकारी देते हुए शुगर यूनिट के उपाध्यक्ष पुष्पकर मिश्र ने बताया कि किसानों द्वारा मिल को दो जनवरी तक आपूर्ति किए गए गन्ने का समस्त भुगतान उनके बैंक खातों में भिजवा दिया गया है। मिश्र ने क्षेत्र के किसानों से मिल को ही गन्ना आपूर्ति करने का आह्वान करते हुए कहा कि मिल द्वारा निर्बाध रुप से गन्ने का भुगतान किया जा रहा हैं। इसलिए किसान अपना समस्त गन्ना जड़ रहित, अगोला रहित एवं ताजा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें।

# सरकार की किसान विरोधी नीतियां युवाओं को खेती से अलग कर रही हैः सिंह






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सरकार नहीं चाहती कि किसानों का उत्थान हो। प्रदेश सरकार द्वारा घोषित किया गया गन्ना मूल्य ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। सरकार को गन्ना भाव बढ़ाना चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सकें।

साखन गांव में आयोजित किसान गोष्ठी में किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। किसानों को फसलों को लाभकारी मूल्य तो दूर लागत मूल्य तक नहीं मिल पाता है। कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियां युवाओं को खेती से अलग कर रही है।

सरकार को अन्दाता किसानों के बारे में सोचने की जरूरत है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर ठा. पूरण सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जो भी हो रहा है, वह मानवता को शर्मसार करने वाला है। ऐसे में भारत सरकार को चुप नहीं रहना चाहिए। यह समय केंद्र सरकार के बोलने का है। सरकार को बांग्लादेश के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अजब सिंह व महेश त्यागी ने भी विचार रखें। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी कमलकांत उर्फ मोनू त्यागी ने अपने काफी साथियों समेत संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर लोकेश राणा, लाखन राणा, महेश त्यागी जयपुर, विश्वास त्यागी, मास्टर विश्वास, बृजभूषण शर्मा आदि किसान शामिल रहे।

## हजरत इमाम अली की यौमे पैदाइश पर इल्म की रोशनी पर प्रोग्राम हुआ

# इमाम अली के बताए रास्ते पर चलना हमारी जिंदगी का मकसदः मौलाना इजहार














**सहारनपुर। मौहल्ला अंसारियान छोटा इमामबारगाह में आयोजित प्रोग्राम के विभिन्न दृश्य।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** हजरत इमाम अली (अ. स.) के यौमे पैदाइश पर शिक्षा को अपनाने और समाज में बेहतरी के लिए प्रेरित करने वाला एक प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें युवा पीढ़ी में धार्मिक व सामाजिक जागरूकता, प्रोत्साहन किए जाने का मुख्य उद्देश्य रहा।

**प्रोग्राम में अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी-अपनी पहचान बनाने वाले बच्चों, नौजवानों व बुजुर्गों को किया गया सम्मानित**

मो. अंसारियान स्थित छोटा इमाम बारगाह परिसर में आयोजित प्रोग्राम में 'अली शनासी 2026' प्रोग्राम में बड़े उत्साह व खुशी के साथ दूरदराज से आए बच्चों, नौजवानों, बुजुर्गों के साथ-साथ उलेमाओं व विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा काम करने वाले लोगों ने भारी मात्रा में शिरकत की।

इस मौके पर पोस्टर, निबंध भाषण, कविता व मनक़बत ख्वानी आदि प्रतियोगिताओं का अलग-अलग तिथियों में आयोजन किया गया था जबकि कविता मनक़बत ख्वानी प्रतियोगिता वर्चुअल मोड में यूट्यूब के माध्यम में संपन्न हुई जिसमें मीडिया पार्टनर के रूप में मीडिया यूट्यूब चैनल का विशेष रूप से सहयोग रहा।

उक्त सभी कार्यक्रम हजरत इमाम अली (अ.स.) की यौमे पैदाइश पर पिछले साल की तरह इस साल भी धूमधाम के साथ प्रोग्राम आयोजित किया गया। गत 4 जनवरी 2026 को अपराहन 3 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम लगभग कई घंटों तक चला।

उक्त प्रोग्राम मरहूम असगर अब्बास काजमी के पुत्र मजहर अब्बास काजमी के दो बेटे कासिम अब्बास काजमी (एमएनएलयू नागपुर में एलएलएम के छात्र) व काज़िम अब्बास काजमी (एमएनसी क्यूएसीए में सीनियर फाइनेंस एनालिस्ट) की और से आयोजित किया गया। जिसमें शिया जामा मस्जिद अंसारियान के पैश इमाम मौलाना इजहार हैदर व मज़हर अब्बास काजमी चीफ पैट्रन के रूप में मौजूद रहे जबकि मौलाना जफर अब्बास व मौलाना सालिम काजमी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस मौके पर निर्णायकों की टीम में मौलाना वासिफ काजमी, फरहत मेहंदी काजमी, मंजर अब्बास काजमी एडवोकेट, आसिफ रजा अल्वी, अजहर हसन काजमी श्रीमति निगहत सुल्ताना व यासमीन जकी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इन सभी प्रोग्रामों में तीन वर्ष के बच्चों से लेकर 35 वर्ष आयुवर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें ऊर्दू, हिंदी तथ अंग्रेजी भाषा में 150 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई। प्रतियोगिता काफी कड़ी थी इसके बावजूद भी हर प्रतिभागी ने जोश व उत्साह दिखाया।

प्रोग्राम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों, नौजवानों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए, जबकि 70 से अधिक लोगों को पुरस्कृत किया गया। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार आयोजकों के दादा व नाना मरहूम असगर अब्बास काजमी व मरहूम एज़ाज़ हुसैन आब्दी की याद में सहारनपुर का 'एज़ाज-ए-असगर अवार्ड ऑफ एक्सिलेंस' नाम से दिया गया, जो दोनों बुजुर्गों की विरासत को आगे बढ़ाता है।

इस मौके पर सीनियर जर्नलिस्ट ज़िया अब्बास ज़ैदी के अलावा वक्फ की भलाई के लिए कार्यरत मुतवल्ली/प्रबंधक बड़ा इमामबारगाह खालापार डा. अथर अब्बास ज़ैदी, छोटा इमामबारगाह अंसारियान के मुतवल्ली/प्रबंधक दानिश आब्दी, सामानियान इमामबारगाह के मुतवल्ली/प्रबंधक ज़िया अब्बास ज़ैदी थानवी, सहारनपुर की करबला नई बस्ती के मुतवल्ली/प्रबंधक अबु तालिब ज़ैदी को विभिन्न अवाड्र्स से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सहारनपुर में संचालित सभी मक़ातिब, तीनों अंजुमन-ए-इमामिया, सौगवारान अकबरिया व अकबरिया व मीडिया के मंजर हुसैन काज़मी एडवोकेट तथा फरहत हुसैन का प्रोग्राम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। प्रोग्राम में सभी निर्णायकों व समन्वयकों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिया समुदाय के अख्तर अली ज़ैदी, ज़ैगम अब्बास ज़ैदी (पुच्ची), नुसरत हुसैन रिजवी, अली मौ. नकवी, ख्वाजा रईस, आजम काजमी, लियाकत हुसैन ज़ैदी, अली मेहंदी ज़ैदी, दानिश ज़ैदी, सफी अब्बास काज़मी, हैदर अब्बास काज़मी, शबी आब्दी, दिलावर आब्दी, शोजब हुसैन आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सबालेंका ने शानदार जीत के साथ 2026 अभियान शुरू किया

**सिडनी, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालें.का ने मंगलवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ अपने 2026 सीजन की शुरुआत की। सबालें.का ने दूसरे राउंड के मैच में स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 48 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। बेलारूस की खिलाड़ी, जो ब्रिस्बेन में डिफेंडिग चैंपियन हैं, को पहले राउंड में बाई मिली थी। नवम्बर 2025 में डब्ल्यूटीए फाइनल के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी सिगल्स मैच में खेलते हुए, सबा.लेंका ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल रखा, पहला सेट 22 मिनट में जीता और दूसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि बुक्सा पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं। सबालेंका, जो जनवरी में बाद में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं।

### जोकोविच एडिलेड से हटे, ऑस्ट्रेलियन ओपन पर फोकस

**एडिलेड, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है, उन्होंने फिटनेस की चिताओं का हवाला दिया है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी जारी रखे हुए हैं। एडिलेड में फैंस को संबोधित करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में ष्शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, और इस फैसले को ष्व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनकष् बताया। जो.कोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था, और कहा कि शहर में वापस आकर ष्सच में घर जैसा महसूस हुआष्। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन

## बीसीसीआई-बीसीबी विवाद का मुस्तफिजुर पर कोई असर नहीं

# बाहरी शोर से बेफ़िक्र मुस्तफिजुर

### बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे



**ढाका, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सलाह पर इंडियन प्रीमियर लीग से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से मुस्तफिजुर रहमान का बाहर होना दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया, खासकर तब जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत न जाने का फैसला किया, लेकिन मुस्तफिजुर रहमान बाहरी शोर से बेफिक्र दिख रहे हैं।

मुस्तफिजुर, जो फिलहाल चल रही बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे हैं, गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुस्तफिजुर ने 4 जनवरी को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ढाका कैपिटल्स के खिलाफ राइडर्स को पांच रन से रोमांचक जीत दिलाई, जब उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 18वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और अंतिम ओवर में 10 रन बचाने से पहले शमीम हुसैन को भी आउट किया। बीसीसीआई द्वारा केकेआर को उन्हें टीम से हटाने का निर्देश देने के एक दिन बाद मुस्तफिजुर ने यह शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मुस्तफिजुर को अब वित्तीय दृष्टिकोण से भी बड़ा नुकसान हो सकता है क्योंकि उन्हें 9-2 करोड़ रुपये की बड़ी रकम में खरीदा गया था - जो आईपीएल नीलामी के इतिहास में बांग्लादेश के किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। मोहम्मद अशरफुल, जो मौजूदा बीपीएल में सहायक कोच के तौर पर राइडर्स का मार्गदर्शन कर रहे हैं, ने चटगांव रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि वह (मुस्तफिजुर) पूरी तरह से शांत है। वह मैदान के बाहर की बातों के बारे में बिल्कुल भी चितित नहीं है। चाहे वह बीसीबी हो, भारत हो, बीपीएल हो या आईसीसी। उन्होंने आगे कहा कि अभी वह रंगपुर राइडर्स के लिए खेलने पर ध्यान दे रहा है और इसके बाद जो भी काम आएगा, वह उस पर ध्यान देगा। वह एक अलग ही स्तर का इंसान है। अशरफुल राष्ट्रीय टीम में भी मुस्तफिजुर के साथ काम करेंगे क्योंकि वह फिलहाल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच हैं। ष्अगर आप पहले दो मैचों में मुस्तफिजुर की बात करें तो उनका परफॉर्मेंस थोड़ा कमजोर था, लेकिन खासकर जिस तरह से हमने ढाका के खिलाफ पिछला मैच जीता, वह एक शानदार जीत थी। और जिस तरह से मुस्तफिजुर ने आखिरी दो ओवर फेंके - मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट के लिए वर्ल्ड चैंपियन हैं, वह इतने जरूरी हैं। मुस्तफिजुर के नेशनल टीम के साथी मोहम्मद सैफुद्दीन, जो चल रहे बीपीएल में ढाका कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं, ने भी अशरफुल जैसी ही बात कही। सैफुद्दीन ने एक प्रैक्टिस सेशन के बाद रिपोर्टर्स से कहा कि हमारा आखिरी मैच रंगपुर राइडर्स के खिलाफ था और मैच के बाद हम साथ में डिनर कर रहे थे और मैंने उसे अपने साथ बैठने के लिए बुलाया। हमें लगा कि वह निराश होगा लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। वह म्यूजकि सुन रहा था और हमेशा की तरह रिलैक्स लग रहा था। बांग्लादेश टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने जोर देकर कहा कि वह मुस्तफिजुर के व्यवहार से हैरान नहीं हैं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# देवदत्त पडिक्कल ने 600 रन बनाकर रचा इतिहास



- **पडिक्कल ने यह उपलब्धि राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप 'ए' में हासिल की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक बार फिर इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह भारत की प्रमुख घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता के तीन अलग-अलग सीजन में 600 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पडिक्कल ने यह उपलब्धि मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप ए मैच के दौरान हासिल की।

राजस्थान के खिलाफ, पडिक्कल ने एक और अहम भूमिका निभाई, 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन बनाए, और कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ 184 रन की शानदार ओपनिग पार्टनरशिप करके कर्नाटक की पारी को संभाला। इस जोड़ी ने कर्नाटक को एक मजबूत शुरुआत दी, जब राजस्थान ने फील्डिग करने का फैसला किया तो एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार किया। चल रहे 2025-26 सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन में 147, 124 और 113 के शतक शामिल हैं, जो अलग-अलग मैदानों और परिस्थितियों में उनकी निरंतरता को दिखाता है। अपने असाधारण फॉर्म के बावजूद, पडिक्कल को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया था, जिससे क्रिकेट जगत में हैरानी हुई। इस अनदेखी ने घरेलू क्रिकेट में दबदबा बनाने और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए एक मजबूत दावा पेश करने के उनके दृढ़ संकल्प को और बढ़ा दिया है। पडिक्कल ने पहले 2019-20 सीजन में 11 मैचों में 609 रन बनाकर विजय हजारे चार्ट में टॉप किया था और 2020-21 में सिर्फ सात पारियों में 147.40 की औसत से 737 रन बनाकर बेंचमार्क बढ़ाया था, जिसमें चार शतक शामिल थे, जब कर्नाटक सेमीफाइनल में पहुंचा था। पडिक्कल, जिन्होंने भारत के लिए दो टेस्ट और दो टी20 में भी खेला है, 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन के बीच में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर होने के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था। एक मजबूत विजय हजारे सीजन के साथ, पडिक्कल का लक्ष्य भारतीय टीम में अपनी जगह वापस पाना और अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना होगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ अहम टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम घोषित

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले उनकी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण अंतिम कदम है। विश्व कप 7 फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी के अनुसार, दासुन शनाका की कप्तानी वाली इस टीम में अनुभव और गहराई का मिश्रण है, जिसमें कुछ ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की पिछली प्रारंभिक टीम का हिस्सा नहीं थे। उनके शामिल होने से जगहों के लिए प्रतिस्पर्धा और बढ़ गई है, क्योंकि श्रीलंका वैश्विक आयोजन के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा करने से पहले विकल्पों का मूल्यांकन कर रहा है। जैसे-जैसे यह बड़ा टूर्नामेंट करीब आ रहा है, यह सीरीज श्रीलंका को कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और एक अच्छी विपक्षी टीम के खिलाफ लय बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। पिछली बार जब ए दोनों टीमें रावलपिडी में टी20 ट्राई-सीरीज के फाइनल में मिली थीं, तो पाकिस्तान विजई रहा था।

**श्रीलंका टी-20 टीम**

दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, चरित असालंका, जनिथ लियानागे, कामिदु मेंडिस, वानिदु हसरंगा, दुनिथ वेल्लालागे, महेश थीक्षाना, ट्रैवीन मैथ्यू, दुष्मंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, नुवान थुशारा, ईशान मलिगा।

# दीप्ति ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाया



- **दीप्ति शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिंग पॉइंट कम है**

**दुबई, वार्ता।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ अपनी घरेलू सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 में मैच जिताने वाली पारी के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने बॉलिग रैंकिंग में टॉप स्पॉट खो दिया है।

कौर की 43 गेंदों पर 68 रन की पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिलाया और वह टॉप 10 के करीब पहुंच गईं, लेकिन शर्मा एनाबेल सदरलैंड के पीछे दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनका 28 रन देकर एक विकेट लेना उन्हें आगे बनाए रखने के लिए काफी नहीं था। शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिग पॉइंट कम है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई फास्ट-बॉलिग ऑलराउंडर ने नंबर 1 पोजीशन फिर से हासिल कर ली है, जो उन्होंने पहली बार अगस्त 2025 में हासिल की थी, जब पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल ने भी उन्हें टॉप स्पॉट दे दिया था। भारत के सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद अमनजोत कौर सात स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 78वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि श्रीलंका की बैट्समैन हसिनी परेरा (31 स्थान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर) और इमेशा दुलानी (77 स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर) ने भी फिफ्टी लगाने के बाद बढ़त हासिल की है। बॉलिग रैंकिंग में भारत की लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंका के लिए, कविशा दिलहारी (एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चामरी अथापट्टू (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) को बॉलिग रैंकिंग में बढ़त मिली है।

# कर्नाटक ने राजस्थान को 150 रनों से हराया

**अहमदाबाद, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल की 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन की ऐतिहासिक पारी की बदौलत कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान को 150 रन से हरा दिया। पडिक्कल की शानदार पारी और कप्तान मयंक अग्रवाल (100) के साथ 184 रन की शानदार ओपनिग पार्टनरशिप के दम पर कर्नाटक ने 50 ओवर में सात विकेट पर 324 रन का मजबूत स्कोर बनाया। राजस्थान की टीम विशाल लक्ष्य के जवाब में 38 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। राजस्थान की तरफ से करण लांबा ने सर्वाधिक 55 रन बनाए। तेज गेंदबाज प्रसि( कृष्णा ने आठ ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट झटके। कर्नाटक अपनी लगातार पांचवीं जीत और 20 अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ राजस्थान को चौथी हार का सामना करना पघ और वह आठ टीमों के ग्रुप में सातवें स्थान पर है।

# अमेरिकी टेनिस लीजेंड वीनस विलियम्स ऑकलैंड में पहले दौर में हारीं

**वेलिंगटन, वार्ता।** पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 वीनस विलियम्स मंगलवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने पहले मैच में पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेट में हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन विलियम्स ने महिला टेनिस एसोसिएशन 250 इवेंट में वापसी करते हुए अच्छे संकेत दिखाए, जो 2 से 17 जनवरी तक चलेगा। दुनिया में 53वें नंबर पर मौजूद लिनेट ने 6-4, 4-6, 6-2 से जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो से होगा। लिनेट ने कहा कि मुझे लगा कि मैं कम गलतियां कर सकती थी, खासकर इतने पावरफुल हिटर के साथ, मुझे थोड़ा और सॉलिड होने की जरूरत है। वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाली विलियम्स, जो 582वें नंबर पर हैं, ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी प्रतिद्वंद्वी ने शानदार खेला। वह निश्चित रूप से जीत की हकदार थी। 45 साल की खिलाड़ी, जो अगस्त में यूएस ओपन के बाद अपना पहला मैच खेल रही थीं, ने कहा कि इस स्टेज पर उनका मुख्य फोकस इस महीने के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैच फिटनेस और लय बनाना है। इस हार से टूर्नामेंट के कुछ बड़े नामों के लिए मुश्किल शुरुआत हुई, जब सोमवार को दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी एम्मा नवारो टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

# जो रूट ने की रिकी पोंटिंग की बराबरी

- **सचिन तेंदुलकर से बस 10 शतक दूर है जो रूट**

**सिडनी, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में अब इंग्लैंड के जो रूट के 41 शतक हो चुके हैं। वह अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जहां वह रिकी पोंटिंग के साथ हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तें.दुलकर (51) और जैक कैलिस (45) हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 160 रन बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। 2021 की शुरुआत से अब तक रूट ने कुल 24 टेस्ट शतक लगाए हैं।

इस अवधि में किसी और बल्लेबाज ने दस से ज्यादा शतक नहीं लगाए हैं। हैरी ब्रूक, केन विलियमसन, स्टीवन स्मिथ और शुभमन गिल दस दस शतकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। छह कैलेंडर वर्षों में रूट के ए 24 शतक सिर्फ पोंटिंग और मैथ्यू हेडन से पीछे हैं, जिन्होंने 2001 से 2006 के बीच 26 शतक लगाए थे। 2026 की शुरुआत हुए अभी एक हफ्ता ही हुआ है और रूट के पास पोंटिंग और हेडन का रिकॉर्ड पार करने के लिए पूरा साल है। टेस्ट क्रिकेट में रूट ने 17 बार 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया है, जो इतिहास में पांचवां सबसे ज्यादा है। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 20 स्कोर के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों में रूट के नाम सबसे ज्यादा 150 या उससे अधिक के स्कोर हैं। एलिस्टेयर कुक इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। अब रूट के नाम टेस्ट क्रिकेट में सात अलग-अलग देशों में 150 से ज्यादा रन का स्कोर दर्ज है। उनसे ज्यादा देशों में यह कारनामा सिर्फ तेंदुलकर और यूनुस खान ने किया है। दोनों बल्लेबाजों ने आठ देशों के खलिाफ 150 का स्कोर बनाया है। टेस्ट क्रिकेट में लगातार 50 से ज्यादा रन की पांच पारियों को रूट ने शतक में बदला है। यह सिलसिला पिछले साल लीड्स में भारत के खिलाफ चौथी पारी में बनाए गए नाबाद 53 रन से शुरू हुआ था। यह पहला मौका है जब रूट ने लगातार पांच 50 स्कोर को शतक में बदला है। इससे पहले वह 2022 और 2024 में लगातार चार अर्द्धशतकों को शतक में बदल चुके हैं। रूट इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी हैं, जिन्होंने एलिस्टेयर कुक के बाद यह कारनामा किया है।

### स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया। इससे मेजबान टीम इंग्लैंड के पहली पारी के कुल स्कोर को पार करने में सफल रही और सीरीज के आखिरी टेस्ट में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। इस प्रक्रिया में, स्मिथ ने हॉब्स के 3,636 एशेज रनों के आंकड़े को पार कर लिया और अब वह ऑल-टाइम लिस्ट में सर डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी एशेज शतकों की सूची में भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ उनके 13 शतकों से ज्यादा सिर्फ ब्रैडमैन के 19 शतक हैं। स्मिथ का एशेज का सफर 2010 में पर्थ में शुरू हुआ था, हालांकि इस मशहूर प्रतिद्वंद्विता में अपना पहला शतक लगाने में उन्हें 15 पारियां लगीं, जो 2013 में द ओवल में आया था। तब से, वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं, उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2019 में इंग्लैंड में हुए एशेज के दौरान आया था, जहां उन्होंने 110-57 के शानदार औसत से 774 रन बनाए थे। सिडनी में बनाया गया शतक स्मिथ का मौजूदा सीरीज का पहला और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के तौर पर 18वां शतक था।

# शब्बीर की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को दी मात

**रांची, वार्ता।** शब्बीर खान (हैट्रिक सहित 30 रन पर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप फाइनल में मंगलवार को 112 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। मणिपुर को 47.5 ओवर में 169 रन पर ढेर करने के बाद बिहार ने 31.2 ओवर में चार विकेट पर 170 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच शब्बीर खान ने आठ ओवर की घातक गेंदबाजी में 30 रन देकर सात विकेट झटके जबकि हिमांशु तिवारी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। मणिपुर की तरफ से उलेनयाई ख्वैराकपम ने 61 और फिरोइजम सिंह ने 51 रन बनाए। बिहार की तरफ से आयुष लोहारुका ने 72 गेंदों में 75 रन की मैच विजई पारी खेली।

# डीकॉक-बेयरस्टो ने खेली तूफानी पारी

## सनराजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया

**प्रिटोरिया, वार्ता।** बेटवे एसए20 सीजन 4 रिकॉर्ड्स का सीजन बनता जा रहा है और सोमवार शाम सेंचुरियन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इसका ताजा उदाहरण पेश किया। सनराइजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया, जो बेटवे एसए20 इतिहास में उनका सबसे बड़ा सफल रन-चेज है।

इस शानदार जीत के साथ ट्रिस्टन स्टब्स की टीम 17 अंकों के साथ अंकतालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गई। ओपनर्स क्विटन डी कॉक (नाबाद 79 रन, 41 गेंद, 5 चौके, 6 छक्के) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 85 रन, 44 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के) ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए कैपिटल्स के गेंदबा.जों को चारों ओर बिखेर दिया। डी कॉक ने पावरप्ले में लुंगी एनगिडी की गेंदों पर कवर के ऊपर लगातार दो छक्के जड़ते हुए आक्रमण की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने लिजाड विलियम्स को भी नहीं बख्शा और सनराइजर्स को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शुरुआत में बेयरस्टो ने डी कॉक को खुलकर खेलने दिया, लेकिन जैसे ही स्पिनर केशव महाराज गें.दबाजी पर आए, उन्होंने गियर बदल दिया। पूर्व इंग्लैंड विश्व कप विजेता बेयरस्टो ने महाराज के एक ही ओवर में पांच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोर लिए, जो अब बेटवे एसए20 इतिहास का सबसे महंगा ओवर बन गया है। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए क्विटन डी कॉक, कॉनर एस्टरह्यूजन, एनरिच नॉर्टजे और शरफेन रदरफोर्ड दावेदार थे, जिसमें डी कॉक को फैन वोट का 91-2 प्रतिशत समर्थन मिला। इससे पहले, सनराइजर्स ने सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग के दम पर कैपिटल्स को औसत से कम स्कोर पर रोक दिया था। हालांकि नए ओपनर कॉनर एस्टरह्यूजन (52 रन, 33 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) और मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन, 22 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) ने पारी को संभाला, लेकिन सनराइजर्स ने पूरे समय मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। एनरिख नॉर्खिए ने अपने पुराने घरेलू मैदान पर 150 किमी/घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए 3/32 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि लुईस ग्रेगरी ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 1/18 रन दिए। एडम मिल्ने ने अंतिम से पहले ओवर में 22 रन खाने के बावजूद 2/36 के आंकड़े हासिल किए, जिसमें कैपिटल्स के नए वेस्टइंडीजी स्टार आंद्रे रसेल का अहम विकेट भी शामिल था। मैच का आकर्षण क्विटन डी कॉक का शानदार एक हाथ से लिया गया डाइविग कैच रहा।

### दिल्ली ने रेलवे को छह विकेट से पीटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** नवदीप सैनी और आयुष बदोनी के तीन-तीन विकेटों के बाद प्रियांश आर्य की 80 रन की विस्फोटक पारी के दम पर दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुक.ाबले में मंगलवार को रेलवे को छह विकेट से पीट दिया। दिल्ली ने रेलवे को 40.4 ओवर में 179 रन पर ढेर करने के बाद 21.4 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाकर अपनी पांचवीं जीत हासिल की और 20 अंकों के साथ अंक तालिका में ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश ने मात्र 41 गेंदों पर 80 रन में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। सार्थक ने 33 व नीतीश ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया जबकि कप्तान पंत तीन छक्कों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले रेलवे की पारी में कुश ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से नवदीप व आयुष ने तीन-तीन विकेट लेकर रेलवे की पारी को 179 रन पर निपटा दिया।

# वैभव सूर्यवंशी ने पंत का रिकॉर्ड तोड़ा



- **सबसे तेज भारतीय यूथ वनडे अर्द्धशतक बनाया**

**बेनोनी, वार्ता।** क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे के दौरान यूथ वनडे इंटरनेशनल में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेगुलर कप्तान आयुष म्हात्रे की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी करते हुए, 14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 15 गेंदों में अपना हाफ सेंचुरी पूरा किया, जिससे उन्होंने सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। युवा ओपनर आखिरकार 24 गेंदों पर शानदार 68 रन बनाकर आउट हो गए, इस पारी में क्लीन स्ट्राइकिंग का बोल.बाला था।

उन्होंने 10 छक्के और सिर्फ एक चौका लगाया, जिसमें से 64 रन बाउंड्री से आए, जिससे साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों को उन्हें रोकने में मुश्किल हुई। इससे पहले, साउथ अफ्रीका अंडर19 ने पहले बैटिग करने का फैसला किया और 49.3 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। बाद में बारिश की रुकावट के कारण बदले हुए हालात में भारत का टारगेट 27 ओवर में 174 रन कर दिया गया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की, जिसमें ओपनर एरॉन जॉर्ज और सूर्यवंशी ने मेजबान टीम पर अटैक किया। दोनों ने सिर्फ 4.1 ओवर में टीम का पचास रन पूरा किया। जॉर्ज सबसे पहले आउट हुए, उन्होंने 19 गेंदों पर 20 रन बनाए, और भारत का स्कोर 6.1 ओवर में एक विकेट पर 67 रन था। सूर्यवंशी ने अपना अटैक जारी रखा, लेकिन 8.1 ओवर में माइकल क्रुइसकैंप ने उन्हें आउट कर दिया, और तब भारत का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 103 रन था। इसके बाद, वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने लक्ष्य का पीछा आसानी से खत्म किया। त्रिवेदी 31 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कुंडू ने नाबाद 48 रन बनाकर पारी को संभाला और भारत ने बिना किसी और नुकसान के जीत हासिल कर ली। साउथ अफ्रीका अंडर19 के लिए, क्रुइसकैंप सबसे असरदार बॉलर रहे, उन्होंने दोनों भारतीय विकेट लिए और छह ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए।

# अंकिता मामले में चुप नहीं रहेगी कांग्रेसः रावत

## देहरादून से रुड़की जाते समय छुटमलपुर में मुजतबा एडवोकेट के नेतृत्व में पूर्व सीएम का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ छुटमलपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य हरीश रावत ने अंकिता मामले में भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा मामले को दबाकर दोषियों को सरंक्षण दे रही है। जिसके खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

हरीश रावत ने यह बात देहरादून से रुड़की जाते हुये छुटमलपुर में अपने स्वागत के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी उत्तराखण्ड की बेटी की निर्मम हत्या में दोषियों के विरुद्ध पहले हत्या का मुकदमा कायम हो और उसके बाद सीबीआई जाँच की विधिपूर्वक जाँच के आदेश दिये जाये।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि भाजपा का बेटी बचाओ नारा खोखला है भाजपा के राज में बेटियों के साथ खुल्लम खुल्ला दरिंदगी की जा रही है प्रदेश और देश की जनता भाजपा



नेताओ को माफ नहीं करेगी। कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी।

मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि पूरे देश में भाजपा शासित राज्यो में महिला उत्पीड़न बढ़ा है

**■ कहा- मामले को दबाकर दोषियों को बचा रही सरकार**

देश की जनता इसका हिसाब आने वाले चुनाव में करेगी भाजपा का हिंदू मुस्लिम को लड़ाकर सत्ता में आना बार बार नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के हकों के लिये आवाज उठाई है। आज उत्तराखंड में जो कुछ हो रहा है वह सही नहीं है। आने वाले समय में वहां की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, रामबीर सिंह, प्रधान फरमान मलिक, कारी आबिद, नोशाद अली, नासिर सैफी, फेसल मिर्जा, कुद्दूस मलिक, हाजी छोटा, डाक्टर बिलाल, अरशद मलिक, अजीम मलिक, सुखदेव चौहान, आमिर मलिक, परवेज मलिक आदि ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का स्वागत किया।

# विधायक उमर अली व सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान व प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने उपसरपंच गुड चाय रेस्टोरेंट का उदघाटन किया।

छुटमलपुर में आयोजित उदघाटन कार्यक्रम में विधायक उमर अली खान ने कहा कि क्षेत्र में रोजगार और व्यापार को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि युवाओं द्वारा स्वरोजगार की दिशा में उठाया गया यह कदम सराहनीय है। ऐसे प्रयास न केवल रोजगार के अवसर पैदा करते हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा छोटे व्यापारियों और युवाओं के साथ खड़ी है। कार्यक्रम में मोनू, डॉ. मंसूब, रागिब उमर प्रतिनिधि, मुशाहिद, देवांश, कसीम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सांसद इकरा ने की जनसुनवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैराना सांसद इकरा हसन ने जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान कराया।

सांसद ने लोनिवि डाक बंगले पर नकुड, गंगोह, सरसावा, चिलकाना व नगर के लोगों की जनसुनवाई की। शेखपुरा से बड़ी संख्या में मृतक परिवारों को मुआवजे के संबंध में आज पुनः मिले पीड़ित परिवारों के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की।वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा और फैसल सलमानी ने पिछले कई वर्षों से चल रही तिब्बती मार्केट के मामले से भी अवगत करवाया।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नकुड संदीप सैनी, नियाज प्रधान, साजिद चौधरी, मुबारिक हसन, मनप्रीत सिंह संजू, शुभम वर्मा, रवि यादव, मुदस्सिर अहमद, गुलाम रब्बानी, शौकत, गुलफाम, राव अब्दुल रहमान, राव मोबिन, अकबरी, जुल्फान, रहमान, कुर्बान प्रधान मौजूद रहे।

# बेबाक लीडर शगुफ्ता खान की भरपाई नामुमकिनः इकरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/नकुड़।** जनपद ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपनी निर्भीक सशक्त जनपक्षधर भूमिका से अलग पहचान बनाने वाली समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री श्रीमती शगुफ्ता खान के निधन से नकुड़ सहित पूरा क्षेत्र शोक की गहरी छाया में डूबा हुआ है। उनके चले जाने से हर आंख नम है हर दिल में एक ऐसी नेता के जाने का दर्द है, जिसने राजनीति को सत्ता नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। कैराना सांसद इकरा हसन, विधायक अशरफ अली खान समेत विभिन्न राजनीति दलों के नेताओं, समाजसेवियों व समर्थकों ने उनके निवास पर पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

श्रीमती शगुफ्ता खान का राजनी. तिक सफर संघर्ष, साहस तथा जनस. ेवा की मिसाल रहा। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जनहित



की आवाज को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। जनपद के दो प्रभावशाली सियासी काजी व चौधरी परिवारों के बीच उन्होंने अपने नेतृत्व दूरदृष्टि व जनविश्वास के बल पर जो स्थान बनाया चाहे केनरा बैंक की डायरेक्टर या रेलवे की सदस्य हो उर्दू अकादमी की सदस्य सपा की जिलाध्यक्ष अखिलेश सरकार में मंत्री बनना उन्हें विशिष्ट बनाता है। उन्होंने न केवल क्षेत्रीय बल्कि प्रदेश स्तर पर भी आमजन से जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती और बेबाकी के साथ उठाया। जिससे वे जनता की सच्ची प्रतिनिधि के रूप में स्थापित हुई।

पूर्व मंत्री शगुफ्ता खान के निधन के बाद उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का निरंतर तांता लगा हुआ है। समर्थकों, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने उनके शौहर नकुड़ के पूर्व चेयरमैन रहे खालिद खान तथा उनके युवा पुत्र साहिल खान से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य व साहस बनाए रखने का संबल दिया। शगुफ्ता खान का इस तरह जाना केवल एक राजनीतिक शख्सियत का अंत नहीं बल्कि जनसेवा संघर्ष और निर्भीक नेतृत्व के एक युग का अवसान माना जा रहा है। कैराना सांसद इकरा हसन, जलालबाद विधायक अशरफ अली खां, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, चेयरमैन नानौता अफजाल खान, रालोद जिलाध्यक्ष शाहजमा खान, आसपा नेता राव कैसर, कांग्रेसी नेता मसूद अली खां पप्पू, डीपीसी के चेयरमैन वरिष्ठ पत्रकार जावेद साबरी, सपा नकुड विधानसभा प्रभारी संदीप सैनी, चौ. धीर सिंह, अशोक राणा, बॉकी राणा, वसीम चौधरी, अभिषेक उर्फ टिंकू अरोडा समेत सैंकडों लोगों ने आज भी उनके निवास पर पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

# बेहट पुलिस ने चरस के साथ पकड़ा तस्कर

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को कोतवाली पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, पुलिस जब मीरगढ़ से भोजपुर तिराहे के बेहट की ओर पहुंची तो टीम ने एक व्यक्ति को संदिग्ध मानकर रोका और उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 185 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने अवैध चरस के साथ पकड़े गया व्यक्ति का नाम नफीस पुत्र नूरहसन निवासी ग्राम भटपुरा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर बतायाहै। पुलिस ने आरोप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# रालोद सेक्यूलर पार्टीः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद सेक्यूलर पार्टी है।

चौ. नीरपाल सिंह ने यह बात मयूर विहार कॉलोनी में कही। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में सभी का सम्मान किया जाता है।हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी कभी भेदभाव की राजनीति नहीं करते सबको बराबर का सम्मान देते हैं। इसलिए जयंत चौधरी की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय लोकदल की ताकत बढ़ रही है। राजनीति में युवाओं के लिए आना वाला समय राष्ट्रीय लोकदल में अच्छा रहेगा। युवाओं को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने का काम जयंत चौधरी कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की विचार धारा पर चल रही है। चौ. नीरपाल सिंह ने सोनू कुमार, कर्मवीर, रविन्द्र सिंह, छोटे लाल को पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत चौधरी, अरविंद, विपिन अवस्थी, रवि कुमार, राहुल कुमार, राजू धीमान, मनोज कश्यप, नरेश वाल्मीकि उपस्थित रहे।

# हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** गन्ने से भरे ट्राले की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर हालत में भर्ती है।

रविवार को लोकेन्द्र पुत्र कृष्णपाल अपने साथी संजीव पुत्र ईश्वर के साथ बाइक से गांव सहसपुरजट लौट रहा था। जैसे ही वह अध्याना रोड़ पर पहुंचे तो अचानक गन्ने से भरे एक ट्राले ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# संत रविदास जयंती व शब ए बरात को लेकर ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संत रविदास जयंती एवं शब ए बरात को लेकर पार्षदों ने नगर आयुक्त को अलग अलग ज्ञापन सौंपे।

पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा के नेतृत्व में दिये ज्ञापन में कहा गया कि 30 जनवरी को गुरु रविदास जी महाराज का जन्मोत्सव के उपलक्ष में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा और 31 जनवरी को शहर के अलग-अलग इलाकों में गुरु रविदास महाराज के जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और फरवरी माह के चार और पांच फरवरी में शब ए बरात का पर्व है। इस दिन



मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान में जाकर अपने बड़ों की कब्र पर इबादत करने के लिए जाते है। वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने ज्ञापन में मांग रखी रविदास जन्मोत्सव पर निकल जाने वाली यात्रा के रूट की सड़क की तुरंत मरम्मत करवाकर स्ट्रीट लाईट सही कराई जाये। साथ ही पेयजल व्यवस्था भी सुचारू हो। उन्होने कहा कि जाटव नगर और अन्य इलाकों में जहां पर भी खुले नाले हैं उन नालों पर स्लैप डालने का कार्य किया जाए जिससे किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो। पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद फहाद सलीम व फराज अंसारी ने संयुक्त रूप से शब ए बरात के लिए प्रत्येक कब्रिस्तान की सफाई व्यवस्था हो सभी में लाइट की सुचारू रूप से व्यवस्था हो जिससे अंधेरा ना हो और पेयजल आपूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाए। पार्षद नितिन जाटव और पार्षद राजीव अन्नू ने भी अपने क्षेत्र की समस्या रखी। इस मौके पर मनप्रीत सिंह, लकी जाटव, शुभम वर्मा, रवि यादव, सोनू, अहमद खान, रिहान अली, शब्बीर आदि लोग मौजूद रहे।

# अजात शत्रु से पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारीः देवेन्द्र

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मेयर डा. अजय सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री की सुनाई चार कविताएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी अजात शत्रु थे। वह सरल भी थे और साहसी भी। उनका व्यक्तित्व इतना विशाल था कि पूरी दुनिया उन्हें नेता मानती थी। वह पहले ऐसे भारतीय राजनेता थे जिन्होंने सबसे पहले संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया था।

देवेन्द्र चौधरी यहां सेठ गंगाप्रसाद माहेश्वरी सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित नगर निगम क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का शुभारंभ अटल जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पण से हुआ। देवेंद्र



चौधरी ने कहा कि अटल जी की दूरदृष्टि, दृढ़ विश्वास और कुशल राजनीतिक नेतृत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने विपरित विचारधाराओं वाली 21 पार्टियों की सरकार का प्रधानमंत्री के रुप में सफलतापूर्वक संचालन किया। उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा की सरकारें उन्हीं की प्रेरणा और सिद्धांतों व आदर्शो को लेकर चल रही है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अखण्ड भारत के स्वप्नदृष्टा थे। उन्होंने देश में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नींव को मजबूत करते हुए देश को आगे बढ़ाया। पोखरण में विस्फोट कर उन्होंने विश्व स्तर पर यह संदेश दिया कि भारत अब एक परमाणु संपन्न और शक्तिशाली राष्ट्र हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने भावपूर्ण शब्दों में जब अटलजी की चार प्रमुख राष्ट्रवादी कविताओं का भावपूर्ण वाचन किया तो पूरा सभागार भाव विह्ल हो तालियों से गूंज उठा।

पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल वक्ता, एक कुशल राजनेता और एक सफल प्रधानमंत्री रहे है। नगर विधायक राजीव गुंबर व पूर्व महापौर संजीव वालिया ने अटल जी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए भाजपा और राष्ट्र के विकास में उनके योगदान का वर्णन किया। इसके अलावा एससीएसटी आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मिकी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अमित गगनेजा, वरिष्ठ नेता शशि वालिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, के एल अरोड़ा, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन आदि ने भी सम्बोधित किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने अतिथियों का आभार जताया तथा संचालन महामंत्री किशोर शर्मा ने किया। कार्यक्रम में योगेश कुमार, निगम के उपसभापति मयंक गर्ग, राजेन्द्र को. हली, संजय गर्ग, संजय सैनी, सोपिन पाल, मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग सहित अनेक पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने व बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को परखने के उद्देश्य से पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सोनकर पुलिस टीम के साथ नगर स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता स्वयं जांची साथ ही कैमरों के एंगल रिकॉर्डिंग सिस्टम व बैकअप व्यवस्था की भी जानकारी ली। सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के निर्देश बैंक प्रबंधन को स्पष्ट रूप से दिए गए। कोतवाल ने बैंकों के बाहर एवं आसपास खड़े वाहनों की भी सुरक्षा की दृष्टि से सघन जांच की। संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेकर चेक किए ताकि किसी



भी आपराधिक गतिविधि की आशंका को समय रहते रोका जा सके। प्रभारी निरीक्षक ने बैंक कर्मचारियों से संवाद करते हुए उन्हें सतर्क रहने संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा किसी भी असामान्य गति. विधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमित रूप से इस तरह के निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# ट्रैक्टर ट्राली फंसने से रास्ता जाम, राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में अतिक्रमण की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है, लेकिन इसके समाधान के लिए जिम्मेदार विभाग कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं। तहसील रोड पर दोनों ओर दिनभर खड़े रहने वाले चारपहिया वाहन लगातार जाम का कारण बने हुए हैं, जिससे आम लोगों के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के बाजारों में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में तहसील रोड पर चारपहिया वाहनों का रहता है। हालात इतने बिगड़ते हैं कि पूरी सड़क अवरुद्ध हो जाती है रही सही कसर सड़क किनारे लगने वाली रेहड़ियों ने पूरी कर देते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। शुक्रताल रोड से आने वाले भारी वाहनों को निकलने का रास्ता तक नहीं मिलता। हाल ही में गन्ना लेकर आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली जाम में फंस गई और चालक को मजबूरन बीच सड़क पर ही ट्राली खड़ी करनी पड़ी।

सड़क के दोनों किनारों पर अवैध रूप से खड़ी कारों के मालिक तहसील में अपने कामों में व्यस्त रहे, जबकि सड़क पर बाइक तक निकलने की जगह नहीं बची।

मौके पर पहुंचे दो सिपाहियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जाम से बाहर निकाला।

# देश में बने जनसंख्या नियंत्रण कानूनः तोगड़िया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना।जनसंख्या नियंत्रण कानून भी बनना चाहिए।देश की अखंडता के लिए हिंदुओं का जागरूक और एकजुट रहना जरूरी है।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया। एक बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि भारत में भव्य राममंदिर बन चुका है जो करोड़ों सनातनी हिंदुओं का सपना था।हिंदुओ को जागरूक और संगठित रहना होगा ताकि अन्य कार्य भी पूरे हो




सकें।उन्होंने कहा कि भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनना चाहिए।गरीब हिन्दू को पक्का घर मिलना चाहिए।बच्चों को शिक्षा, युवाओं को रोजगार, किसानों को फसल का उचित मूल्य,व्यापारियों को राहत मिलनी चाहिए ताकि सक्षम समर्थ विकसित भारत बने।डॉ प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर केंद्र सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिएं। बांग्लादेश में 8% हिंदू रह गया है। 20% हिंदू अत्याचार,दमन के कारण पलायन कर भारत में आ गया है। लेकिन अभी भी अत्याचार नहीं रुका है। हिंदुओं की हत्या तक की जा रही है। जिस पर केंद्र सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए।उन्होंने कहा कि हिंदुओं को चाहिए कि अपने हिन्दू भाई को हर स्तर पर सहयोग करें।

इस दौरान बृजेश राणा, जिलाध्यक्ष विकास सैनी,डॉ. अजय सैनी ,अरुण गुप्ता, पंकज लोधी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत में जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर नकुड विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशन में प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के अन्तर्गत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया गया।

मंगलवार को चिलकाना नगर के एस के एस डी इंटर कॉलेज में राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओ तथा नगर के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में बूथ बीएलओ द्वारा भाग संख्या 80, 81 व 82 की निर्वाचक नामाव. लियों का अवलोकन करवाया गया, जिसमे मोहल्ला बाजार एवं मजहर हसन के बूथ संख्या 1, 2 व 3 की मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया गया।

इस दौरान मौजूद राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों द्वारा स्थाई रूप से स्थानांतरित, मृतक तथा दोहरी प्रविष्टियों वाली मतदाता सूची का अवलोकन किया गया। वहीं सुपरवाईजर रामेश्वर द्वारा किसी कारणवश सूची से छुटे गए मतदाताओं को फार्म 6 भरने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से किसी भी कारणवश कट गया है तो वह फार्म नम्बर 6 भर सकता है।

ऐसे मतदाता अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर अपने बूथ के बीएलओ से मिलकर नया वोट बनवा सकते है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 7 जनवरी 2026

## ड्राफ्ट मतदाता सूची

मंगलवार को अपनी तय तारीख 6 जनवरी के अनुसार चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची जारी की। सूची से दो करोड़ 89 लाख हटा दिए जाने की बात सामने आई है। इस तरह यूपी में 15 करोड़ 44 लाख से घटकर अब मतदाताओं की संख्या 12 करोड़ 56 लाख रह गई है। लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 से पहले की दौर की मतदाता सूची को जब फ्रीज किया गया था, उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख 392 मतदाता पंजीकृत थे, इसके बाद ही 4 नवंबर 2025 से गणना शुरू होकर 26.12.25 तक चली और इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत था। मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने राजनीतिक दलों की भी इस बात को लेकर प्रशंसा की कि उन्होंने इस प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दिया और उप्र के तमाम 75 जिलों में राजनीतिक दलों के साथ बैठकें की गई और अब तक 1546 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। अब 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा/आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फार्म 6, 7 व 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता–पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक इस तरह 15 लाख 78 हजार 423 फार्म छह प्राप्त हो चुके हैं। मतदाताओं को असुविधा न हो, बूथों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था भी की गई है अब 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथों को तर्कसंगत बनाया गया है। इस तरह अब राज्य में 15030 के लगभग नए बूथ जोड़े गए हैं। इस मतदाता सूची में जो मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, उसकी बड़ी संख्या है। यह संख्या 79 लाख 52 हजार 190 बताई गई है। जोकि वास्तव में बड़ी संख्या है। यूं तो एसआईआर की प्रक्रिया इस दावे के साथ चलाई गई है कि इसका काम पात्र लोगों को वोट के लिए जोड़ना है और साथ ही मृत व्यक्ति या जो अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं या जिनके नाम डबल हैं, उनको हटाकर सूची को सही आकार देना है। जोकि अच्छी बात है, लेकिन चुनाव आयोग को यह भी ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो एसआईआर प्रक्रिया को संदेह की नजर से देखते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि ऐसे लोगों में देश के लगभग तमाम विपक्षी राजनीतिक दल शामिल हैं। उनकी शंकाओं को दूर करना भी चुनाव आयोग का काम होगा, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया तभी पूर्णत: सफल मानी जाती है जिसमें असहमति की संभावना कम हो। यूं भी लोकतंत्र में हठधर्मी के लिए कोई जगह नहीं है। संभवत: भारत के इतिहास में पहला अवसर है जब चुनाव प्रक्रिया में नाम जुड़ने के बजाए नाम कटने की बात सामने आई है।

### एलिजिबल वोटर्स को मरा बताया जा रहा



चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्स का इस्तेमाल कर रहा है, चुनाव आयोग एसआईआर करने के लिए हर तरह के गलत कदम उठा रहा है, यह एलिजिबल वोटर्स को मरा हुआ बता रहा है और बुजुर्ग और बीमार लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है, चुनाव आयोग वाट्सऐप पर चलाया जा रहा है, लोग एसआईआर में हिस्सा लेते समय सावधान रहें, उन लोगों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें मदद की जरूरत है, उन्हें मेरा साथ देने की जरूरत नहीं है, सिर्फ उनका साथ दें, जो इस काम की वजह से मुश्किल में हैं।

–ममता बनजी
सीएम, पश्चिम बंगाल

## पीएम ने जाना पिपरहवा का महत्व स्थानीय जनप्रतिनिधि कब जानेंगे



यशोदा श्रीवास्तव

निश्चित ही सिद्धार्थनगर जिले का पिपर. हवा विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल है। अस्तित्व में आने के बाद इस स्थल के विकास की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा यह नेपाल के लुंबिनी जैसा विकास नहीं कर सका। बता दें कि पिपरहवा जिसे शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु के रूप में पहचाना गया, उसे गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहते हैं जबकि लुंबिनी गौतम बुद्ध की जन्मस्थली है। आज पिपरहवा की चर्चा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला है। हाल ही नई दिल्ली स्थित किला राय पिथौरा कल्चर कांप्लेक्स में द लाइट एंड लोटस रेलिक्स आफ द अवेकंड वन प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यहां जो बुद्ध अवशेष रखे गए हैं वह 1898 में पिपरहवा में मिले थे। इस अवशेष को अंग्रेज जमींदार अपने साथ ले गए थे। 2025 में हांगकांग में इसकी नीलामी होने जा रही थी जिसे केंद्र सरकार और गोदरेज ग्रुप के हस्तक्षेप से बचाया गया। इसके लिए कई कानूनी नोटिसें दी गई थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अभी कुछ महीने पहले इसे भारत लाया जा सका जिसका दर्शन आज सुलभ हो पा रहा है।




पिपरहवा (कपिलवस्तु) दुनिया के दो तिहाई बुद्धिष्ट देशों के आस्था का केंद्र भी है। यहां की पवित्र मिट्टी लंका सहित कई बुद्धिष्ट देशों के राष्ट्राध्यक्ष न केवल अपने माथे पर लगाए, साथ भी ले गए। करीब 40 साल पूर्व जब सिद्धार्थनगर बस्ती जिले के उत्तरी हिस्से में स्थित नौगढ़ नाम का तहसील था,तब यहां बुद्धिष्टों का रेला लगा रहता था। प्रतिदिन यहां रेलवे स्टेशन पर विदेशी बुद्ध तीर्थ यात्रियों का एक बोगी मौजूद रहता था। वे पहले पिपरहवा बुद्ध स्तूप का दर्शन करते थे फिर यहीं से ककरहवा बार्डर से नेपाल में बुद्ध की जन्म स्थली लुंबिनी जाते थे। यह बीते दिनों की बात है। आज इस एतिहासिक स्थल का हाल यह है कि शायद ही कोई भूला भटका विदेशी बुद्धिष्ट यहां आता हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा का बखान किया, स्थानीय जनप्रतिनिधि इससे नावाकिफ है। भगवान बुद्ध यहां अपने जीवन के 29 साल बिताए। इस नाते इस स्थल को बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहा जाता है। काश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा को समझ पाए, यहां के जनप्रतिनिधि भी समझ पाए होते तो आज पिपरहवा भी नेपाल के लुंबिनी जैसा विक. सित होकर भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ा बहुत हिस्सेदारी जरूर निभा रहा होता। पूर्वी यूपी के जिला सिद्धार्थनगर की शिनाख्त गौतम बुद्ध से है। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। तीन दशक पूर्व बस्ती जिले के उत्तर स्थित नौगढ़ तहसील को अलग कर सिद्धार्थ के नाम से सिद्धार्थनगर जिले का सृजन हुआ है। जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से 16 किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। पिपरहवा के खंडहरनुमा स्तूप को संरक्षित कर इसी के समीप सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर कपिलवस्तु के विकास की तमाम योजनाएं बनीं जरूर लेकिन राजनीतिक कारणों से यह मूर्त रूप नहीं ले पाई। 1980 में कांग्रेस शासन में केंद्र सरकार ने कपिलवस्तु विकास महायोजना तैयार की थी जिसके तहत जमीनें अधिकृत कर विकास की ढेर सारी योजनाएं बनीं थी। इसके लिए प्रारंभिक बजट में 80 लाख रूपए भी जारी किए गए थे। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसमें रुचि ही नहीं दिखाई लिहाजा यह योजना फाइलों में दफन होकर रह गई। आगे चलकर प्रदेश के विभिन्न सरकारों में यहां जरूर कुछ न कुछ निर्माण कार्य हुए लेकिन वे इस लायक नहीं हैं कि बुद्धिषटों और टूरिस्टों को आकर्षित कर सके। मायावती ने अपने शासनकाल में यहां हवाई पट्टी तक बनाने की घोषणा की थी। स्थानीय स्तर पर यदि इसके विकास के बारे में किसी ने सोचा तो वह स्वर्गीय धनराज यादव थे जो भाजपा के कई बार के विधायक और मंत्री रहे हैं। अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में यहां सिद्धार्थ विश्व. विद्यालय के रूप में बड़ी सौगात दी। इस विश्व. विद्यालय की स्थापना से यहां जरूर चहल पहल बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिपरहवा के महत्व को समझने के बाद लोगों को उम्मीद है कि यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि जरा भी ध्यान दें तो पिपरहवा का विकास लुंबिनी सरीखे हो सकता है जहां बुद्ध अनुयाई वाले देश भी अपना योगदान देने में रुचि लें।इसके लिए लोगों को स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल से काफी उम्मीदें हैं। बुद्ध के अवशेष को हांगकांग से वापस भारत आने के बाद उन्होंने उसे पिपरहवा में वापस लाने की बात कही है।




**जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से १६ किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सामाजिक बदलाव में मां-बाप की सुध लेना जरूरी

**दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था।**

यह विडंबना है कि हमारे सामाजिक ताने–बाने में तेजी से आए बदलाव के बीच वृद्ध माता–पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा–भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता–पिता की देखभाल के लिए बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नए कानून लाने की तैयारी में है। माता–पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश है। पहले वृद्ध माता–पिता अपनी संतानों से दस हजार रूपए तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नए विधेयक के अनुसार अब माता–पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता–पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की तैयारी है। सामाजिक संगठनों से विमर्श में यह बात सामने आई थी कि लंबी सजा से माता–पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी



पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नए सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नए प्रावधानों को जोड़ा गया है। एक ओर जहां गुजारा भत्ते के सीमित दायरे को खत्म किए जाने का प्रावधान है, वहीं विगत में आए बच्चों की सजा बढ़ाने के प्रस्ताव को टाला गया है। अब इसे सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर ही रखा जाएगा। वहीं गुजारा भत्ता देने की जवाबदेही का विस्तार करते हुए अब पात्र बच्चों के दायरे में दामाद, पुत्रवधु,नाती–पोते, पोती–नातिन व अल्पवयस्क बच्चों के विधिक अभिभावकों को भी शामिल किया गया है। अब तक इस जवाबदेही के दायरे में बेटा–बेटी व दत्तक बेटा–बेटी ही शामिल थे। इसके अलावा विधेयक में प्रत्एक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं।

**...साभार डीटी**

## जरूरत से ज्यादा ईयरफोन का इस्तेमाल कान व दिमाग के लिए खतरा

ब्ल्यूटुथ डिवाइस ने हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन इससे कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन के रोजाना देर तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म पर असर पड़ता हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनता है। इसी विषय पर दिल्ली स्थित एक नामी अस्पताल में ईएनटी डिपार्टमेंट में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. नेहा सूद से रजनी अरोड़ा की बातचीत। हाल ही में देश की एक मशहूर प्लेबैक सिंगर की खबर ने सबको चौंका दिया है। वायरल अटैक की वजह से उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यानी वो सडन रेयर सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस बीमारी से जूझ रही हैं। डाक्टरों का मानना है कि इसके पीछे एक बड़ा कारण तेज आवाज वाले वातावरण में रहना या कान में हैडफोन या ईयरफोन पर लाउड म्यूजिक सुनना भी है। वायरलेस ब्ल्यूटुथ डिवाइस के बढ़ते क्रेज ने भले ही हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन यह हमारी सेहत को नुकसान भी पहुंचा रहा है। दरअसल ब्ल्यूटुथ से कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडियो फ्रीक्वेंसी रेडिएशन निकलती हैं। जो डिवाइस के रोजाना लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म को प्रभावित करती हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनती हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के हिसाब से दुनिया भर में 10 में से 2 लोग सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस से पीड़ित हैं। हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर होने पर कई बार कान के अंदरूनी और अहम हिस्से कॉक्लिया में मौजूद हेयर–सेल या ऑडिटरी नर्व डैमेज हो जाते हैं जिससे व्यक्ति की सुनने की क्षमता पर असर पडता है। यह एक्सपोजर दो स्थितियों में होता है– पहला जब कान को ब्ल्यूटुथ डिवाइस के माध्यम से हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर कई घंटे लगातार मिलता रहता है जैसे म्यूजिक सुनना, मोबाइल देर तक सुनना, म्यूजिक कंपोजिशन, डीजे शो, माइनिंग या कारखानों में काम करने के दौरान। दूसरी स्थिति कान को हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर एकाएक मिलने पर होती जैसे बमबारी, आतिशबाजी। कई मामलों में व्यक्ति को केवल एक कान में यानी यूनिलेटरल हियरिंग लॉस ही होता है। लगातार ईयरपोड के इस्तेमाल से कई बार केवल डोमिनेट–ईयर ज्यादा डैमेज होता है। आमतौर पर यूनिलेटरल हियरिंग लॉस वाले मरीज डॉक्टर को बहुत देर से कंसल्ट करते हैं। तब तक उसका दूसरा कान भी प्रभावित हो सकता है। व्यक्ति दिन में लगातार 6 घंटे से ज्यादा देर तक लगातार ईयर डिवाइस का उपयोग करता है, तो आगे चलकर उसे भी हियरिंग समस्या हो सकती है। आमतौर पर म्यूजिक का तेज वॉल्यूम 75–80 डेसिबल माना जाता है। लेकिन ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर सुनने पर यह वॉल्यूम खुद–ब–खुद बढ़कर करीब 110 डेसिबल हो जाता है। जैसे–जैसे डेसिबल बढ़ते हैं, सेफ लिस्निंग टाइम कम होता जाता है। सीडीसी, अमेरिका के मुता. बिक ईयरफोन डिवाइस पर 40–60 डेसिबल तक की साउंड नॉर्मल है। साउंड एक्सपोजर 85 डेसिबल के ऊपर होने पर हियरिंग लॉस का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना ईयरफोन पर 90 डेसिबल का साउंड आधे घंटे और 100 डेसिबल से ज्यादा लेवल का साउंड 15 मिनट सुनने से व्यक्ति 5 साल में सुनने की क्षमता खो सकता है। जबकि हाई इंटेंसिटी साउंड यानी 120 डेसिबल से ज्यादा होने पर कुछ सेकंड में ही हियरिंग लॉस हो सकता है। हाई इंटेंसिटी साउंड से होने वाला हियरिंग लॉस लाइलाज, स्थाई होता है। शुरुआत में टेम्परेरी होता है जो दो–चार दिन में ठीक हो सकता है। कुछ मामलों में मरीज को टिनिटस समस्या होती है यानी कान में लगातार सीटी या बीप साउंड, सांय–सांय जैसी आवाजें आती हैं। लेकिन यह



धीरे–धीरे बढ़ता रहता है और कॉक्लिया के हेयर–सेल डैमेज करता रहता है व लाइलाज हियरिंग लॉस हो जाता है। हियरिंग लॉस के शुरुआती लक्षणों से व्यक्ति पहचान सकता है। बिना देरी ईएनटी डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। 2 फुट की दूरी की आवाज सुनने में दिक्कत आना। दूसरों की बात समझने में मुश्किल, टीवी देखते हुए वॉल्यूम दूसरों की अपेक्षा ज्यादा करना पड़े। कान में एब्नॉर्मल साउंड आना शुरू हो जैसे– रिंगिंग साउंड, सीटी या बीप साउंड। इनके अलावा ऑडिटरी नर्व डैमेज होने के साथ कई समस्याएं होने लगती हैं– कुछ आवाजें या गाने की कुछ बीट्स सुनाई न देना, कान में खुजली, दर्द, कान बहना, कान के अंदर सीटी की आवाजें या बाहर की आवाजें गूंजना, बॉडी बैलेंस बिगड़ना। डॉक्टर सबसे पहले कान का नॉर्मल एग्जामिन करते हैं। हियरिंग लेवल का पता लगाने के लिए ऑडियोमेट्री टेस्ट किया जाता है–हियरिंग लॉस 10–20 प्रतिशत के बीच में है, तो वह नॉर्मल है। 20–40 प्रतिशत हियरिंग लॉस को माइल्ड , 40–60 प्रतिशत को मॉडरेट हियरिंग लॉस और 60–80 प्रतिशत को सीवियर और 80 प्रतिशत से अधिक को गंभीर हियरिंग लॉस माना जाता है। उपचार हियरिंग लेवल के आधार पर तय किया जाता है– माइल्ड से मॉडरेट हियरिंग लॉस में हियरिंग एड या एम्प्लीफायर डिवाइस सहायक हो सकते हैं। सीवियर लॉस में कॉक्लिया इम्प्लांट सर्जरी की जाती है। एक कान में हियरिंग लॉस पर बोन एंकर्ड हियरिंग एड लगाया जाता है। कुछ बातों का ध्यान रखकर हियरिंग लॉस से बचा जा सकता है– पहली, ब्ल्यूटुथ डिवाइस लगाएं तो 60/60 रूल फॉलो करें। यानी डिवाइस वॉल्यूम 60 डेसिबल से ज्यादा न हो और एकसाथ 60 मिनट से ज्यादा इस्तेमाल न करें। जरूरी हो तो 30 मिनट के बाद 5 मिनट और 60 मिनट के बाद 10 मिनट का ब्रेक जरूर लें। वहीं साउंड मिनिमम इंटेंसिटी पर इस्तेमाल करें। ईयरबड के बजाय कान के ऊपर वाला हेडफोन इस्तेमाल करें। सॉफ्ट टिप वाले ईयरफोन लें। यथासंभव नॉयस–केंसेलेशन वाली डिवाइस लें। ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर दिए गए राइट और लेफ्ट मार्क का ध्यान रखें और सही कान में लगाएं। म्यूजिक ऐप डाउनलोड कर उसमें एक्यूलाइजर इस्तेमाल करें। शोरगुल वाले इलाके या कार्यस्थल पर जाने से पहले कान में नॉयस–प्रोटेक्टर जरूर लगाएं। हाई रिस्क कैटेगरी वाले व्यक्ति 6 महीने में ऑडिटरी स्क्रीनिंग–ऑडियोमेट्री टेस्ट कराएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले: मुझे किडनैप किया गया

## आरोपों से इन्कार, गिरफ्तारी को अवैध बताया, विपक्षी नेता मारिया जल्द वेनेजुएला लौटेंगी

**न्यूयार्क।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयार्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई में मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं।

मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। दूसरी तरफ वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही देश वापस लौटेंगीं। मचाडो ने दावा किया कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को वेनेजुएला की जनता का समर्थन नहीं है और देश की जनता विपक्ष के साथ है। अमेरिकी ड्रग एजेंसी की टीम मादुरो को अदालत में पेश करने के लिए हेलिकाप्टर से न्यूयार्क लेकर आई। मादुरो की पत्नी सीलिया फ्लोरेस भी अदालत में पेश हुईं। उनके चेहरे पर चोट के निशान और पट्टी बंधी थी। उन्होंने खुद को वेनेजुएला की प्रथम महिला बताया और सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो और उनके सहयोगियों पर नशा तस्करों और आतंकी गिरोहों के साथ मिलकर अमेरिका में कोकीन पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप है। मादुरो पर मशीनगन रखने का भी आरोप है, जिसके लिए लंबी सजा हो सकती है। चार्जशीट में मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा, गृह मंत्री डियोसडाडो काबेलो और कुख्यात गैंग 'त्रेन दे अरागुआ' के सरगना हेक्टर गुरेरो फ्लोरेस का नाम भी शामिल है। अमेरिका इस गैंग को विदेशी आतंकी संगठन मानता है। सुनवाई के दौरान मादुरो के पैरों में बेड़ियां लगी हुई थीं। वह और उनकी पत्नी एक ही मेज पर बैठे थे और दोनों ने हेडफोन लगाए थे ताकि अदालत में कही जा रही बातों को अपनी भाषा में समझ सकें। जज ने अदालत में दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पढ़कर सुनाया। इससे पहले मादुरो को लेकर एक हेलिकाप्टर अदालत के पास बने हेलिपैड पर उतरा। हेलिकाप्टर से बाहर आते ही उन्हें तुरंत एक वैन में बैठाया गया और वहां से सीधे अदालत ले जाया गया। मादुरो के खिलाफ सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर सैकड़ों लोग जमा हुए। एक तरफ अमेरिका की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन हुआ, तो दूसरी ओर मादुरो विरोधी लोगों ने उनके खिलाफ नारे लगाए। सुनवाई खत्म होने के बाद जब मादुरो बाहर निकलने के लिए उठे, तो गैलरी में बैठे एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि उन्हें अपने अपराधों की कीमत चुकानी पड़ेगी। मादुरो ने जवाब दिया कि वह अपनी आजादी हासिल करेंगे। वेनेजुएला की राजधानी कराकस में सोमवार शाम अचानक गोलियों और एंटी-एयरक्राफ्ट फायरिंग की आवाजें सुनाई दीं। एक वीडियो में कराकस के आसमान में एंटी-एयरक्राफ्ट गन फायरिंग करते दिखाई दी। एक दूसरे वीडियो में गोलियों की आवाजें भी सुनी जा सकती हैं। बताया जा रहा है कि राजधानी में तैनात अलग-अलग सिक्योरिटी यूनिट्स के बीच भ्रम और गलतफहमी के चलते ऐसा हुआ। एक स्थानीय निवासी ने नाम न बताने की शर्त पर सीएनएन को बताया कि मिराफ्लोरेस राष्ट्रपति भवन के पास उर्दानेता एवेन्यू के आसपास उन्होंने गोलियों की आवाजें सुनीं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इन खबरों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने साफ किया कि इस घटना में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है।



■ मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं: मादुरो
■ मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है

### अमेरिकी ऑपरेशन में जख्मी हुई मादुरो की पत्नी

**न्यूयार्क।** अमेरिकी सेना के वेनेजुएला ऑपरेशन में अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस को काफी चोटें आई हैं। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 69 साल की फ्लोरेस जब सोमवार को न्यूयार्क कोर्ट में पेश हुईं तब उनके चेहरे पर दो पट्टियां लगी थीं। एक पट्टी आंख के ऊपर और दूसरी माथे पर थी। उनकी दाहिनी आंख पर चोट का नीला निशान साफ दिखाई दे रहा थी। फ्लोरेस के वकील मार्क डोनेली ने कोर्ट को बताया कि ये चोटें उस वक्त लगीं, जब अमेरिकी सेना ने उन्हें पकड़ा था। वकील ने कहा कि फ्लोरेस की पसलियों में भी फ्रेक्चर है। उन्हें इलाज की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने अदालत से मांग की कि फ्लोरेस का पूरा एक्स-रे कराया जाए, ताकि यह पता किया जा सके कि हिरासत में उनकी सेहत ठीक है।

### वेनेजुएला में सैन्य तैनाती संबंधी जानकारी को लेकर सांसदों में संशय

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला में अमेरिकी सेना की योजनाओं पर एक गोपनीय जानकारी मिलने के बाद, प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ सदस्य और डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि उन्हें अभी भी इस बात की पूरी तरह से स्पष्टता नहीं है कि अमेरिकी सैनिकों को वहां तैनात किया जाएगा या नहीं। यह जानकारी दोनों दलों के आठ वरिष्ठ सांसदों को दी गई थी, जिनमें खुफिया, विदेश मामलों और सशस्त्र सेवा समितियों के प्रमुख शामिल हैं। वेनेजुएला में हालात को लेकर सांसदों ने संशय जताया। सीएनएन के अनुसार ब्रीफिंग के बाद मीक्स ने कहा कि कोई स्पष्टता नहीं है। उनके पास सेना तैनात करने का विकल्प है। वह किसी भी विकल्प को खारिज नहीं करने वाले हैं। अन्य देशों में इसी तरह की सैन्य कार्रवाई की संभावना पर मीक्स ने कहा कि स्पष्ट रूप से, डोनाल्ड ट्रम्प कांग्रेस से बचने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वह हमें सरकार की एक अलग लेकिन समान शाखा के रूप में नहीं देखते। दुर्भाग्य से कांग्रेस का नेतृत्व भी खुद को समान नहीं मानता। मीक्स ने वेनेजुएला में अमेरिकी अभियानों की संभावित लागतों को लेकर अपने रिपब्लिकन सहयोगियों की चिंताओं को भी उजागर किया।

# क्षेत्रीय अस्थिरता की संभावना को लेकर चिंतित: गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद वेनेजुएला में बढ़ती अस्थिरता पर चिंता जताई है, यद्यपि अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि इस मध्य अमेरिकी देश पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है।

गुटेरेस ने कहा कि वह 'चिंतित हैं कि तीन जनवरी की सैन्य कार्रवाई के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियमों का सम्मान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मादुरो को मादक पदार्थों से संबंधित आरोपों में मैनहट्टन संघीय अदालत पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। मादुरो ने हालांकि किसी भी आपराधिक संलिप्तता से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक मामलों की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो द्वारा परिषद में पढ़े गए एक बयान में गुटेरेस ने कहा कि मैं देश में अस्थिरता बढ़ने की आशंका, क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव और राज्यों के बीच संबंधों के संचालन के मामले में इससे बनने वाले उदाहरण को लेकर बेहद चिंतित हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात पर जोर दिया कि 'सभी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान किया जाना अनिवार्य है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर भी शामिल है।' महासचिव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना सभी सदस्य देशों की इन प्रावधानों का पालन करने की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है। गुटेरेस ने हालात को नाजुक बताया और कहा कि एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है।



■ एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है: एंटोनियो गुटेरेस

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी चुगोकू क्षेत्र के शिमाने प्रांत में मंगलवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई, हालांकि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। गौरतलब है कि भूकंप के केंद्र से मात्र 32 किमी दूरी पर 'शिमाने परमाणु ऊर्जा केंद्र' है। जापान के परमाणु नियामक प्राधिकरण ने कहा कि संयंत्र में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

### मिस्र में नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से छह लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया प्रांत में एक नशा मुक्ति केंद्र में सोमवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी अखबार अल-योम ने बताया कि सूचना मिलने पर सुरक्षा बल और नागरिक सुरक्षा इकाई दमकल और एम्बुलेंस की मदद से बेन्हा शहर में घटनास्थल पर पहुंचे।

### गाम्बिया नाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 पहुंची

**बांजुल।** गाम्बिया के तट पर 31 दिसम्बर को नाव पलटने के हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। गाम्बिया आव्रजन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाव में लगभग 200 बिना दस्तावेज वाले प्रवासी लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि 31 दिसम्बर की देर रात गाम्बिया के उत्तरी तट क्षेत्र से स्पेन के कैनरी आइलैंड्स की ओर रवाना हुई एक नाव कुछ ही समय बाद पानी के नीचे एक रेत के टीले से टकरा गई और पलट गई।

# ग्रीनलैंड पर हमला किया, तो नाटो खत्म: फ्रेडरिकसन

## डेनमार्क की पीएम ने चेताया, ट्रम्प के खिलाफ 7 यूरोपीय देश, कहा: ग्रीनलैंड का भविष्य उसके लोग तय करेंगे

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो यह सैन्य गठबंधन नाटो का अंत होगा। एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी नाटो सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो नाटो की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क के नेताओं ने साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इन्कार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं। डेनमार्क साम्राज्य और अमेरिका दोनों ही नाटो के सदस्य देश हैं। इन देशों की संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी नाटो की है। इसके तहत किसी एक सदस्य देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को पूरे गठबंधन के देशों पर हमला माना जाता है। अमेरिका का डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ करीबी रिश्ता रहा है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। 1951 के रक्षा समझौते से अमेरिका को ग्रीनलैंड में मिलिट्री बेस रखने की अनुमति है। दोनों देश सुरक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और व्यापार में सहयोग करते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया।



■ ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है

# लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** लक्जमबर्ग की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मुलाकात की और निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की।

मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज सुबह लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मिलकर प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि डा. जयशंकर रविवार को फ्रांस और लक्जमबर्ग की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे।



■ दोनों नेताओं ने निवेश प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक बातचीत की

# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में एक थाई सैनिक घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में थाईलैंड का एक सैनिक घायल हो गया है। थाईलैंड की सेना ने कहा कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:25 बजे उबोन रात्चाथानी प्रांत के नाम यूएन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक धमाका हुआ। थाईलैंड के दूसरी एरिया कमान ने एक बयान में बताया कि धमाके में एक थाई सैनिक घायल हो गया, जिसके दाहिने हाथ में छर्रे लगे हैं, हालांकि सैनिक की जान को खतरा नहीं है। कमान ने बताया कि धमाके के कारण की जांच अभी चल रही है। उसने सभी अधीनस्थ इकाइयों को संचालन तैनाती के दौरान सेना के लोगों और रहने वालों की सुरक्षा के लिए सावधानी बढ़ाने का आदेश दिया है।




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज पार्टी नेताओं के साथ।

# नेपाल में ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

**काठमांडू।** नेपाली में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दाहालं प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली अखबार द काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है।

# ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई रूस भागने की फिराक में

## 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में दावा: सत्ता गंवाने का डर

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच रूस भागने की योजना तैयार कर ली है। अगर प्रदर्शनों को रोका नहीं जा सका, तो खामेनेई देश छोड़ देंगे। ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 86 साल के खामेनेई अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा समेत करीब 20 लोगों के छोटे दल के साथ तेहरान छोड़ सकते हैं। ईरान में आठ दिन से खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 78 शहरों के 222 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इनमें कम से कम 35 लोगों की मौत हुई है। वहीं 1200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में प्रदर्शन की शुरुआत 28 दिसम्बर को हुई थी। तब राजधानी तेहरान में व्यापारियों ने इसकी शुरुआत की थी। अब इसमें हजारों जेन-जी भी शामिल हो चुके हैं। खामेनेई कई चौरिटेबल फाउंडेशनों के जरिए अरबों डालर की संपत्ति पर नियंत्रण रखते हैं। इनमें 'सेताद' नाम की संस्था प्रमुख है, जिसकी वैल्यू पहले भी कई अरब डालर आंकी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शासन से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदार पहले से ही अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों में रह रहे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस योजना के तहत विदेशों में संपत्तियां, प्रापर्टी और कैश पहले से सुरक्षित कर लिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत देश छोड़ा जा सके। देशभर में जेन-जी आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रहा है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72 प्रतिशत और दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की गई तो अमेरिका कड़ी प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम पूरी तरह तैयार हैं। अगर ईरान ने पहले की तरह लोगों को मारना शुरू किया, तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन एचआरएआई और ओस्लो स्थित हेंगाव ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। देशभर में फैले इन प्रदर्शनों की शुरुआत ईरानी मुद्रा के गिरने और महंगाई बढ़ने के बाद हुई।




■ बेटे और साथियों के साथ 20 लोग भी तैयार

# वेनेजुएला में अमेरीकी एक्शन की चीनी सोशल मीडिया पर तारीफ

## बोले: यूएस मादुरो को पकड़ सकता है, तो ताइवान पर चीन कब्जा क्यों नहीं कर सकता

**बीजिंग।** अमेरिकी सेना की डेल्टा फोर्स के एलीट कमांडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति को अगवा करने की आखिरी तैयारी कर रहे थे। ठीक उसी वक्त राष्ट्रपति निकोलस मादुरो चीन के लैटिन अमेरिका मामलों के अधिकारी किउ शियाओची के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा कि शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं।

इस घटना के कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी सेना मादुरो को उनके बेडरूम से खींचकर अपने देश लेकर चले गए। इस घटना के बाद चीन भले ही चिंतित और नाराज है लेकिन वहां की सोशल मीडिया पर ऑपरेशन वेनेजुएला की तारीफ हो रही है। कई यूजर्स इसे ताइवान पर चीनी सैयूएसय कब्जे के लिए एक माडल के रूप में देख रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 2 जनवरी को वेनेजुएला के कराकस स्थित मिराफ्लोरेस पैलेस में लैटिन अमेरिका के लिए चीन के दूत किउ जिओकी से मुलाकात की थी। चीन ने मादुरो की गिरफ्तारी की तुरंत निंदा की और वाशिंगटन पर 'दुनिया का पुलिसवाला' बनने का आरोप लगाया। चीन ने अमेरिकी छापे को गलत बताया और मादुरो व उनकी पत्नी की तुरंत रिहाई की मांग की। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आयरलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान अमेरिका पर इशारों-इशारों में हमला बोला। उयूएसहोंने कहा कि अमेरिका का एकतरफा दबाव और धमकी देने वाला रवैया पूरी दुनिया की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। शी जिनपिंग ने कहा कि हर देश को यह हक होना चाहिए कि वह अपने विकास का रास्ता खुद चुने। उयूएसहोंने यह भी कहा कि सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के नियमों का पालन करना चाहिए। खासकर बड़ी ताकतों को दूसरों के लिए मिसाल बनना चाहिए। चीन के सोशल मीडिया पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर जबरदस्त हलचल और चर्चा देखने को मिली। कई लोग सवाल कर रहे हैं कि अगर अमेरिका अपने (बैकयार्ड) इलाके के किसी देश के नेता को पकड़ सकता है, तो चीन ऐसा क्यों नहीं कर सकता? चीनी सोशल मीडिया पर कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि अमेरिका के ऑपरेशन और ताइवान के मामले में तुलना करना गलत है। वेनेजुएला का मामला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, जबकि ताइवान चीन का आंतरिक मामला है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपना हिस्सा मानती है। चीन ने साफ कहा है कि वह ताइवान को अपने में मिलाएगा, जरूरत पड़ी तो इसके लिए ताकत का इस्तेमाल भी करेगा। पिछले कुछ साल में बीजिंग ने ताइवान पर सैयूएसय दबाव लगातार बढ़ाया है, यहां तक कि उसकी नाकेबंदी का अभ्यास भी किया है। चीन और वेनेजुएला के बीच दशकों से करीबी रिश्ता रहा है।



■ निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा: शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं

